दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



दुनिया के ये अनोखे ब्रिज......

म्यूजिकल लंच बॉक्स.......

वर्ष : 10 | अंक : 280 | लखनऊ, 21 सितम्बर, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## अखिलेश राज में हर जिले का गुंडा सपा से जुड़ा था: सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में सपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सपा से जुड़ा था। माफिया समानांतर सरकार चलाकर अराजकता व गुंडागर्दी का तांडव करते थे, तो बबुआ (अखिलेश यादव) घर से बाहर नहीं निकलता था। 12 बजे सोकर उठता था। जनता पिसती थी। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद को पार करते हुए पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जन्माष्टमी के आयोजनों पर इन्होंने थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं थी, इसलिए सपा इसे बैन करती थी। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती होली, दीवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को बैन कर दिया था। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। विकास योजनाओं में भेदभाव व महापुरुषों का अपमान होता था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात वर्ष में विकास के कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है।

योगी ने कहा, सपा के लोग गो तस्करी, वनों की कटान, जमीन कब्जा कराते थे, लेकिन आज जमीनों से कब्जे हट चुके हैं। हमारी सरकार ने 2017 के बाद एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया और सपा के भू माफिया-गुंडों से 64 हजार हेक्टेयर लैंड को मुक्त कराया। भदरसा में भी जमीन को कब्जामुक्त कराया गया है। गुर्गों से जमीन मुक्त कराने पर परेशानी हुई तो सरगना कहता है कि अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है। यहां जमीन घोटाला नहीं हुआ, बल्कि किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया है। यह लोग अपने गुर्गों के काले कारनामों के पक्ष में बोल रहे हैं। एक भी मामला ऐसा नहीं है, जहां पीड़ित को मुआवजा न मिला हो। बात दें मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव होने हैं, यहां के विधायक अवधेश प्रसाद के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई है।

## ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, मांगी मदद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मैथन और पंचेत बांधों के पानी से पश्चिम बंगाल में बाढ़ आने के बाद ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में बाढ़ के हालात से अवगत कराया और केंद्रीय कोष को मंजूरी देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य एकतरफा पानी छोड़ने और तबाही मचाने के लिए दामोदर घाटी निगम के साथ सभी संबंध तोड़ देगा। ममता ने पत्र में लिखा कि राज्य अब 2009 के बाद से निचले दामोदर और आसपास के क्षेत्रों में सबसे बड़ी बाढ़ का सामना कर रहा है। उन्होंने दावा किया 1000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र प्रभावित है और राज्य के लगभग 50 लाख लोग फसलों के नुकसान, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और घरों, मवेशियों सहित निजी संपत्तियों को नुकसान के कारण दुखों के भंवर में फंस गए हैं।

## पीएम मोदी ने खरीदी भगवान जगन्नाथ की कलाकृति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्धा की यात्रा के दौरान पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष के तहत प्रगति को चिह्नित करने के लिए, उन्होंने एक कारीगर के स्टाल का दौरा किया और भगवान जगन्नाथ की एक कलाकृति भी खरीदी। पीएम मोदी विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद थीम मंडप से गुजरे जहां कारीगरों और शिल्पकारों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया था। पीएम ने उनमें से कुछ के साथ बातचीत की और एक 'विश्वकर्मा' से भगवान जगन्नाथ की एक कलाकृति खरीदी। उन्होंने क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से इसके लिए डिजिटल भुगतान भी किया।

पीएम मोदी द्वारा मूर्ति खरीदने और डिजिटल पेमेंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। कई नेटिजन्स प्रधानमंत्री के इस कदम की



सराहना कर रहे हैं और इसे कारीगरों की कड़ी मेहनत को स्वीकार करने का उनका 'अतिरिक्त प्रयास' बता रहे हैं। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने इसको लेकर एक ट्वीट भी किया है। उन्होंने लिखा कि यह ओडिशा के लोगों और दुनिया भर में जगन्नाथ भक्तों के लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित 'विश्वकर्मा योजना' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने घर पर पूजा के लिए महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की मूर्ति खरीदी।

## कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गिरोह, शहरी नक्सली चला रहे हैं: पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पार्टी को टुकड़े-टुकड़े गिरोह और शहरी नक्सली चला रहे हैं। मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे होने पर महाराष्ट्र के वर्धा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज आप जिस कांग्रेस को देखते हैं, यह वह पार्टी नहीं है जिसके साथ महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्ति जुड़े थे। मोदी ने कहा, कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है। उन्होंने कहा, आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा अंतिम सांस ले चुकी है। मोदी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा विदेश में दिए भाषणों के भारत विरोधी एजेंडे पर भी बात की।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

## न्यायालय ने ऑनलाइन मध्यस्थता प्रशिक्षण वेब पोर्टल शुरू किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने शीर्ष अदालत की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) के सहयोग से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) द्वारा विकसित एक ऑनलाइन मध्यस्थता प्रशिक्षण वेब पोर्टल शुरू किया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और एनएएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने बुधवार को पोर्टल शुरू किया। चंद्रचूड़ ने समारोह में कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वकीलों, न्यायाधीशों, कानून के छात्रों आदि को मध्यस्थता की विधा में प्रशिक्षित करके मध्यस्थता को विवाद समाधान का पहला और डिफॉल्ट तरीका बनाने में मदद करेगा। पांच महीने में तैयार यह पहल एक व्यापक ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल पेश करती है। एक विज्ञप्ति में कहा गया, ऑनलाइन मध्यस्थता प्रशिक्षण वेब पोर्टल सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक कौशल के साथ जोड़ता है, जिसमें मध्यस्थता से संबंधित 20 विषयों पर 50 से अधिक व्याख्यान और 10 घंटे से अधिक का ऑनलाइन/इंटरैक्टिव प्रैक्टिकल सत्र शामिल है।

## हरियाणा में केजरीवाल ने शुरू किया चुनावी प्रचार

### आप के बिना राज्य में नहीं बनेगी किसी की सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी हरियाणा चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इसी बीच आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने यमुनानगर के जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो के साथ हरियाणा में अपने चुनाव अभियान की शुरूआत की। यह 11 जिलों में 13 निर्धारित रैलियों में से पहली थी। आपको बता दें कि केजरीवाल की पार्टी आगामी राज्य चुनाव में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आज केजरीवार ने बड़ा दावा करते हुए कहा



कि हरियाणा में कोई भी सरकार आप के बिना नहीं बनेगी।

केजरीवाल ने कहा कि मैं यहां खेड़ा मंदिर में हूं... मुझसे कहा गया है कि अगर मैं किसी मंदिर में जाऊंगा तो यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। इसलिए, मैं यहां फिर से प्रार्थना करने आऊंगा। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा बदलाव मांग रहा है। आप के समर्थन के बिना हरियाणा में सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैंने हिसाब लगा लिया है कि आप कितनी सीटें जीतने वाली है और मुझे पता है कि आप के समर्थन के बिना सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी ने आपको क्या दिया? उन्होंने केवल भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई दी है...इस बार पूरा हरियाणा परिवर्तन मांग रहा है।

आबकारी नीति मामले में जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और अपनी पार्टी के प्रचार के लिए केजरीवाल का व्यस्त कार्यक्रम रहेगा। कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बात विफल होने के बाद आप राज्य की सभी 90 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यह भी कहा कि आप हरियाणा में सत्ता परिवर्तन और केजरीवाल के शासन मॉडल को राज्य में लाने के लक्ष्य के साथ पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

### संक्षिप्त समाचार

## एक देश, एक चुनाव का प्रस्ताव अव्यावहारिक: कमलनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बृहस्पतिवार को केंद्र के एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव को अव्यावहारिक करार देते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक और झुनझुना बताया, ताकि लोगों और देश को इसी में उलझाकर रखा जा सके। कांग्रेस नेता ने दो दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह अव्यावहारिक बात है। अगर किसी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है और उसे भंग करना पड़ता है, तो क्या होगा? यह देश को उलझाने के लिए मोदी जी का एक और झुनझुना है।

## 2026 तक देश से होगा नक्सलवाद का सफाया: अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दावा किया कि सरकार ने मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद और नक्सलवाद के विचार को उखाड़ फेंकने का फैसला किया है। शाह ने नई दिल्ली में अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के लगभग 55 नक्सली हिंसा पीड़ितों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बस्तर के 4 जिलों को छोड़कर पूरे देश में नक्सलवाद को खत्म करने में केंद्र सरकार सफल रही है। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने, हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने की भी अपील की। गृह मंत्री ने कहा कि अगर नक्सली हिंसा छोड़ने की उनकी अपील नहीं सुनेंगे तो सरकार जल्द ही उनके खिलाफ चौतरफा अभियान चलाएगी।

## राहुल गांधी के बयान पर बवाल जारी

### कांग्रेस मुख्यालय के पास भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा के दौरान आरक्षण पर कथित टिप्पणी के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। विरोध मार्च का नेतृत्व दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और कमलजीत सहरावत ने किया। प्रदर्शनकारियों को एक बड़े बैनर के साथ कांग्रेस मुख्यालय की ओर मार्च करते देखा



गया। उन्होंने गांधी का पुतला भी जलाया और माफी की मांग करते हुए उनके खिलाफ नारे लगाए।

गुरुवार को, दिल्ली भाजपा ने गांधी के खिलाफ तीन अलग-अलग पुलिस शिकायतें दर्ज की थीं, जिनमें भारत में सिखों की स्थिति पर उनकी ₹विभाजनकारी और उत्तेजक टिप्पणियां₹ और उनकी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान आरक्षण समाप्त करने की टिप्पणी भी शामिल थी। गांधी के खिलाफ शिकायत दिल्ली भाजपा के सिख सेल, एससी मोर्चा और एसटी मोर्चा द्वारा विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज की गई थी। इससे पहले, कांग्रेस ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से जुड़े नेताओं के गांधी पर निशाना साधने वाले हालिया बयानों को लेकर बुधवार को यहां तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली भाजपा के सिख प्रकोष्ठ, एससी मोर्चा और एसटी मोर्चा ने गांधी के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में शिकायतें दर्ज कराई हैं। सचदेवा ने कहा, अमेरिका में राहुल गांधी के सिखों के बारे में दिए गए बयान से देश में समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं जबकि आरक्षण संबंधी उनकी टिप्पणी से अनुसूचित जातियां नाराज हैं।

## जम्मू कश्मीर के बडगाम में खाई में गिरी बीएसएफ की बस, 3 जवानों की गई जान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर में मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के ब्रेल वाटरहेल इलाके में चुनाव ड्यूटी में लगी एक बस के पहाड़ी सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के तीन जवानों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। बस में सवार 35 बीएसएफ जवानों में से छह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना में चालक भी घायल हो गया। बस चुनाव के दूसरे चरण के लिए जा रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। घायलों की सहायता के लिए तत्काल बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बडगाम के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को और तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत एक अक्टूबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती आठ अक्टूबर को की जाएगी। जम्मू-कश्मीर में बुधवार को पहले चरण का विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रहा और करीब 59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे पहले विधानसभा चुनाव में पहले चरण में कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

## हरियाणा सरकार सो रही है: मल्लिकार्जुन खड़गे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जैसे-जैसे हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान नजदीक आ रहा है, सियासी लड़ाई और तेज होती जो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को एक व्यंग्यपूर्ण वीडियो में भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि राज्य सरकार 10 साल से सो रही है। खड़गे ने एक्स पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक व्यंग्यपूर्ण वीडियो साझा किया, जिससे पता चला कि हरियाणा की जनता बेरोजगारी, महंगाई, अपहरण, हत्या, अपराध और एमएसपी समेत कई मुद्दों का हवाला देकर 'सोई हुई' हरियाणा सरकार को जगाने की कोशिश कर रही है, लेकिन सरकार मुद्दों पर कार्रवाई करने के बजाय निष्क्रिय बनी हुई है। एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "हरियाणा में बीजेपी सरकार 10 साल से सो रही है। अब हमें



महंगाई, बेरोजगारी, किसान उत्पीड़न और अपराध से राहत मिलेगी...! कांग्रेस लाओ, हरियाणा बचाओ !ह्व शेयर किए गए वीडियो में लोगों ने कहा, ₹उठो, बेरोजगारी और महंगाई रॉकेट की गति से बढ़ रही है। हरियाणा अपहरण, हत्या और फिरौती में नंबर 1 बन गया है, अब जागने का समय है। किसानों को एमएसपी नहीं मिला; बल्कि, उन्हें 'काले-कानून' मिले। यह हरियाणा की 10 साल पुरानी सरकार है, जो सोती रहेगी, लेकिन आपको (जनता को) जागना है। कांग्रेस लाओ, हरियाणा बचाओ !ह्वइस बीच, भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करने के बाद, पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने गुरुवार को कहा कि यह उनके घोषणापत्र का कॉपी पेस्ट है और 2014 से 2019 तक, भाजपा ने कुछ नहीं किया। हुड्डा ने कहा, ₹यह हमारा कॉपी-पेस्ट है. हमने कहा है कि उनके सभी झूठे वादे हैं। 2005 और 2009 के हमारे घोषणापत्रों को देखें; हमने अपने सभी वादे पूरे किये। 2014 और 2019 के उनके घोषणापत्रों को देखें--उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने झूठा 'घोषणा पत्र' बनाया. यह झूठ का पुलिंदा है।"

## आतंकवादियों के निशाने पर है भारतीय रेलवे!

### साजिश के तहत ट्रेनों को पटरी से उतारने की हो रही है कोशिशें

#### रेल हादसों की जांच के लिए कमेटी बनीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, क्या आतंकवादियों के निशाने पर भारतीय रेल चल रही हैं। पिछले कई सालों में कई बड़े रेल हादसे देखे गये हैं। ताजा रेल हादसों की जांच की गयी तो कुछ ऐसी चीजें सामने आयी हैं जो आतंकी साजिश की संभावना को बढ़ाती हैं। कुछ दिनों पहले कानपुर में रेल को पटरी से उतारने की साजिश रची गयी थी। पटरी पर एलपीजी का सिलेंडर और पेट्रोल सहित कुछ ज्वलनशील पदार्थ मिले थे। जिसकी जांच की गयी तब पता चला कि शायद यह एक सोची समझी साजिश हैं।

अब ताजा घटना मथुरा में हुई है। जहां उत्तर प्रदेश के मथुरा में राजस्थान के सूरतगढ़ पावर प्लांट के लिए कोयला ले जा रही एक मालगाड़ी के



26 डिब्बे वृंदावन के पास पटरी से उतर गए। पटरी से उतरने के दौरान मालगाड़ी के कई डिब्बे आपस में टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने कहा कि पटरियों को साफ करने का काम चल रहा है ताकि सामान्य परिचालन फिर से शुरू किया जा सके। ट्रेन पटरी से उतरने की घटना से मार्ग पर करीब 30 ट्रेनों की सेवाएं प्रभावित हुईं। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग बुरी तरह बाधित हो गया और रेलवे अधिकारियों के बीच चिंता की स्थिति पैदा हो गई।

#### मथुरा में ट्रेन के पटरी से उतरने के पीछे आतंकी साजिश का संदेह

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मथुरा जिले के वृंदावन के पास एक मालगाड़ी के 25 डिब्बों के पटरी से उतरने की घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की जाएगी। मथुरा में वृंदावन रोड स्टेशन और अजहाई के पास बुधवार शाम करीब 8 बजे एक ट्रेन पटरी से उतर गई। मालगाड़ी के 26 डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मालगाड़ी के पटरी से उतरने का तरीका जानबूझकर की गई साजिश की ओर इशारा करता है। इस घटना में किसी आतंकवादी संगठन के शामिल होने की आशंका बढ़ रही है, जिससे सुरक्षा संबंधी बड़े खतरों से इसके संभावित संबंधों की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने गुरुवार को घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का आकलन किया तथा चरमपंथी कनेक्शन के किसी भी सबूत की तलाश की। रेलवे विभाग ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे पटरी से उतरने के कारणों का पता लगाने के लिए सभी कोणों से गहन जांच करें।

## संक्षेप

### बच्चा छीने जाने से परेशान होकर विवाहिता ने दी थी जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विवाहिता कोमल की आत्महत्या के मामले में पिता ने बेटी के पति आदर्श यादव, सास छोटी बिट्टो, देवर अंकुर और अंकित पर सआदतगंज थाने में दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। पति व ससुराल वालों ने कोमल से उसका बच्चा छीन लिया था। इससे वह काफी परेशान थीं और 11 सितंबर को मायके में खुदकुशी कर ली थी। रहीमाबाद के ससपन गांव निवासी श्याम लाल सआदतगंज के किशोरगंज में रहते हैं। उन्होंने दिसंबर 2020 में बेटी कोमल की शादी दुबग्गा के जेहटा गांव निवासी आदर्श यादव से की थी। आरोप है कि पति व ससुराल वाले दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। प्लॉट व मिठाई की दुकान खोलने के लिए 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। चार अगस्त को पति व ससुराल वालों ने कोमल का बच्चा छीन लिया और मारपीट कर घर से भगा दिया था।

### गांव में अजगर देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्रामीणों ने अचानक गांव में अजगर सांप देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दी सूचना पर पहुंची वन विभाग टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को पकड़ा। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बख्तियार नगर गांव में शुक्रवार दोपहर को गांव के किनारे खेतों में काम कर रहे लोगों ने गांव की तरफ जाते करीब 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। जिसे देख वहां काम कर रहे अन्य लोगों में भी हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। वह भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग टीम ने कड़ी मशक्कत कर अजगर को पकड़ लिया। और पास के रहमान खेड़ा के जंगलों में उसे छोड़ दिया गया। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली उन्होंने बताया कि बरसात के समय सुरक्षित स्थानों में पानी भर जाने के कारण और उसके बहाव से अजगर अक्सर रिहायशी इलाके में आ जाते हैं।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत याचिका खारिज

## दुष्कर्म के मामले में काट रहे हैं सजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सामूहिक दुष्कर्म और नाबालिग के साथ यौनशोषण के मामले में दोषी पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति और अन्य दो लोगों की जमानत याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की खंडपीठ ने जमानत याचिका की सुनवाई के बाद 10 सितंबर को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

गायत्री के अधिवक्ता पूर्णेंदु चक्रवर्ती ने याचिका में कहा कि पीड़ित महिला ने गायत्री और अन्य दो आरोपियों पर सामूहिक दुष्कर्म करने और उसकी नाबालिग बेटी के साथ यौनशोषण करने का आरोप लगाया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आए थे कि गायत्री व अन्य पर राजनीति से प्रेरित होकर आरोप लगाए गए थे।

ट्रायल कोर्ट ने मामले में गैंगरेप व पॉक्सो की धाराओं के तहत दोषी मानते हुए गायत्री प्रजापति, आशीष कुमार शुक्ला और अशोक तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि दोषियों की जमानत याचिका के संबंध में पर्याप्त कारण न मिलने से उनकी याचिका खारिज की जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई थी एफआईआर

मामले की सुनवाई के दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता उमेश चंद्र वर्मा ने जमानत याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता की एफआईआर भी नहीं लिखी जा रही थी। क्योंकि आरोपियों में से एक गायत्री प्रजापति तत्कालीन सपा सरकार में मंत्री था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल रिट के आदेश के बाद पीड़िता की एफआईआर 18 फरवरी 2017 को लखनऊ के गौतमपल्ली थाने में दर्ज की गई थी। पीड़िता के वकील सुनीति सचान ने भी दोषियों के जमानत का विरोध किया।

# बिना पास जिला अस्पताल के वार्डों में प्रवेश पर रोक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कोलकाता की घटना के बाद किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिला अस्पताल में बिना पास प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। शुक्रवार से इमरजेंसी में भर्ती होने वाले मरीजों को पास जारी करने का काम शुरू हो गया। वार्डों के मुख्य गेट पर सुरक्षाकर्मियों ने गहन चेकिंग करके बिना पास वाले तीमारदारों को वापस कर दिया। वार्डों में एक मरीज के साथ एक समय में एक तीमारदार ही रह सकेगा। ऐसा किए जाने के बाद सुरक्षा के साथ ही वार्डों को साफ-सुथरा रखा जा सकेगा। साथ ही वार्डों में दलालों का प्रवेश भी बंद हो गया है। अब तक जिला अस्पताल के वार्डों में कोई भी व्यक्ति आसानी से चला जाता था। परिसर में सक्रिय दलाल भी इसका फायदा उठाते थे। रोगियों के पास तीन-चार तीमारदारों के रहने से अधिक भीड़ हो रही थी। ऐसे में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ को परेशानी होती थी। आए दिन घटनाएं होने की आशंका भी बनी रहती थी। कोलकाता की घटना के बाद किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने शुक्रवार से पास की सुविधा लागू कर दी है।

वार्डों के मुख्य गेट पर दो गार्ड तैनात किए गए हैं। तीमारदार उन्हें पास दिखाकर ही अंदर जा सकेंगे। तमाम लोग पास न होने के कारण प्रवेश नहीं पा सके। रोगियों के डिस्चार्ज होने पर पास जमा करा लिया जाएगा। डिस्चार्ज व रेफर के बिना रोगियों को बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। यदि कोई तीमारदार अपनी मर्जी से रोगी को ले जाना चाहता है तो उसे कारण बताना होगा। उसका नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट किया जाएगा। शुक्रवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती हुए मरीजों को पास जारी किए गए।

# किराना स्टोर संचालक के घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल किया पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बेखौफ चोर लगातार क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. रहीमाबाद थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों का सिल सिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, लोग पुलिस की कार्य प्रणाली से नाखुश दिखे ,घटनाएं होती जा रही है, किसी चोरी का खुलासा नही हो रहा है । जिससे चोरों का हौसला बढ़ा हुआ है घटना पर घटना करते जा रहे है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे। बीते दिनों में क्षेत्र में करीब आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाए हो चुकी। लेकिन इन मामलों में पुलिस को एक में भी सफलता नही मिल पाई है। जिससे ग्रामीणों में इसको लेकर रोष व्याप्त हैं।

वहीं बीती रात चोरों ने एक किराना स्टोर संचालक के घर को निशाना बनाते हुए घटना को दिया अंजाम लाखों का माल पार कर फरार हो गए। परिजनों को सुबह चोरी की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द खुलासे की बात कही है। रहीमाबाद निवासी सुधीर गुप्ता के घर से चोरों ने लाखो के माल पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए। किराना स्टोर संचालक सुधीर गुप्ता ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बीती रात चोरों ने घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे घर में दाखिल होकर कमरे में रखें संदूक अलमारी में रखे जेवरात नकदी पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए। जिसमें जेवरात व नकदी मिलाकर करीब पांच लाख का सामान चोरों ने पार कर दिया। सुबह जब घर के लोग उठे तो देखा कि सारा सामान कमरे का इधर-उधर बिखरा पड़ा है। और बक्से भी टूटे पड़े हैं। जिसमें रखे जेवरात व नगदी गायब थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# वृद्धावस्था पेंशन व दिव्यांग पेंशन को लेकर लगा विशेष कैम्प

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मोहनलालगंज विकासखंड सभागार में शुक्रवार को वृद्धावस्था,निराश्रित महिला,दिव्यांग पेंशन के लिये विशेष कैम्प का आयोजन किया गया ।कैम्प का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला व बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने किया ।कैम्प में वृद्धावस्था पेंशन के 313,निराश्रित महिला पेंशन के 190.व दिव्यांग पेंशन के 18 लाभार्थियो ने पहुंचकर पेंशन से सम्बंधित समस्याओ के समाधान के लिये आधार कार्ड व बैंक पासबुक दी,जिसके बाद मौके पर मौजूद समाज कल्याण विभाग,महिला कल्याण विभाग व जिला दिव्यांगजन विभाग के अधिकारियो ने तुरंत कार्यवाही करते हुये 40लाभार्थियो को पोस्ट आफिस के द्वारा डीबीटी व एनपीसीआई का कार्य कराया गया ।कैम्प में सहायक विकास अधिकारी सुमित शंकर,सना फातिमा समेत सभी विभागो के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सगे भाईयो ने महिला को डंडों से पीटा,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के छिबऊखेड़ा निवासी महिला कमलेश ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार को वो अपने खेतो में लगी धान की फसल की निराई कराने गयी थी तभी विपक्षी मनोज अपने भाई रामकृपाल के साथ मौके पर आ धमके ओर उसकी बुरी तरह डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी सगे भाईयो पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

# हिंसक जानवर की चहलकदमी का वीडियो वायरल, ग्रामीणों में दहशत



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जहां कई जिलों में इस समय भेड़िए की दहशत बनी हुई है जहां लोग डर के कारण शाम होते ही अपने घरों में कैद हो जाते हैं। इस समय फैली दहशत ने लखनऊ में भी दस्तक दे दी है जहां शुक्रवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में तेंदुए जैसे हिंसक जानवर के दिखने से दहशत फैल गई।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी निवासी इदरीश और इरशाद के आम के बाग रानीखेड़ा, लालता खेड़ा गांव के बीच मनकौटी में स्थित है जहां करीब 6 बजे शौंच के लिए गए जहां उसी गांव निवासी विकास मौर्य (15) 11वीं का छात्र है। अचानक बागों में किसी की पत्तों पर चलने की आवाज सुनाई पड़ी तो विकास ने गौर से देखा तो उसे तेंदुए से मिलता जुलता एक हिंसक जानवर चहल कदमी करते हुए बाग के दूसरे छोर की तरफ जाता दिखा। तब विकास ने हिम्मत करके कुछ सेकेंड का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। जिसे घर वालों को दिखाया तो सबके होश दंग रह गए। हिंसक जंगली जानवर दिखने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

### हिंसक जानवर के डर से लोग घरों में हुए कैद

जैसे ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो वायरल होते ही लोग बागों खेतों में अपना जल्दी काम खत्म कर शाम ढलते ही अपने घरों में दुबक गए। छोटे बच्चों को घरों से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी गई।

इस संबंध में मलिहाबाद रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि यह तेंदुआ नहीं फिशिंग कैट प्रजाति का जंगली बिल्ला है ।यह मांसाहारी होने के बावजूद आक्रामक नहीं होते हैं। वन्य जीवन मे रहकर यह खरगोश जैसे छोटे छोटे पशुओं का शिकार कर पेट भरते है। जब तक इन्हें किसी प्रकार से छेड़ा न जाए तब तक यह जानवर किसी पर हमला नहीं करता है।

# मूलभुति सुविधाओ से लैस किए जाएंगे माडल गांव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रशासन ने 16 ब्लॉकों की 17 ग्राम पंचायतों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है ।इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत नवाबगंज में दो ग्राम पंचायतें अजगैन और सधीरा को मॉडल बनाने की शुरूआत की जा चुकी है ।सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मॉडल गांव को मूलभूत सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक ग्रामीण के लिए फैमिली आईडी बनाई जाएगी। इसके तहत पेंशन, मनरेगा मजदूरी, आवास, शौचालय आदि सरकारी सुविधाएं ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जाएंगी ।अमृत सरोवर- गांवों में जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर बनाए जाएंगे ।ज्ञानालय प्रोजेक्ट- युवाओं की शिक्षा के लिए पुस्तकालय खोले जाएंगे। पंचायत भवन- जहां पंचायत भवन नहीं है, वहां निर्माण कराया जाएगा ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके ।यह कार्य मनरेगा के तहत किया जाएगा और ठोस एवं तरल कूड़ा प्रबंधन के लिए गांव में आरआरसी सेंटर की स्थापना की जाएगी। सीडीओ ने बताया कि जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में यह कार्य शुरू किया गया है और सभी ब्लॉकों की एक-एक ग्राम पंचायत को मॉडल गांव में तब्दील करने की सूची जारी कर दी गई है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं का लाभ हर ग्रामीण तक पहुंचाने का लक्ष्य है ।असोहा की कांथा, औरास की मिजार्पुर अजिगांव, बांगरमऊ में गौरिया कला, बिछिया में सरायं कटियान, बीघापुर में भारथीपुर, फतेहपुर चौरासी की फतेहपुर चौरासी ग्रामीण, गंजमुरादाबाद में ब्योली इस्लामाबाद, हिलौली में हिलौली, हसनगंज की सराय मलकादिम, मियागंज की मियागंज, नवाबगंज की सधीरा व अजगैन, पुरवा में त्रिपुरारपुर, सफीपुर की सफीपुर ग्रामीण, सिकंदरपुर करण की शेखपुर नरी, सिकंदरपुर सरोसी की ख्वाजगीपुर व सुमेरपुर ब्लाक की छांछीराई खेड़ा ग्राम पंचायत को आदर्श गांव बनाये जाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चुना गया है

# समिति के चुनाव में निर्विरोध सभापति बने वी के मिश्रा

### उप सभापति बने संजय तिवारी



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । पीजीआई इलाके की ऋषि वशिष्ठ सहकारी आवास समित का चुनाव इस बार पूरी तरह से निर्विरोध रहा। जहां बीते मंगलवार को निर्विरोध प्रबंध कमेटी के 9 सदस्यों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ था वहीं शुक्रवार को निर्विरोध ही वी के मिश्रा सभापति और संजय तिवारी उर्फ बबलू तिवारी उप सभापति चुने गए। ऋषि वशिष्ठ सहकारी आवास समित लिमिटेड के निर्वाचन अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कौशल कुमार ने आदेश जारी करते हुए बताया कि बीते 17 सितंबर को समिति की प्रबंध कमेटी का चुनाव हुआ था जिसमें वी के मिश्रा, संजय तिवारी उर्फ बबलू, सतनाम, शन्नो दीक्षित, राघवेंद्र सिंह, मधुबाला वर्मा, शिव ब्रंच दुबे, प्रेमवती शुक्ला और शर्मिला तिवारी निर्विरोध संचालक चुने गए थे ।इन्ही संचालकों में एक सभापति और एक उप सभापति चुना जाना था। शुक्रवार को निर्विरोध ही वीके मिश्रा सभापति और संजय तिवारी उर्फ बबलू उप सभापति चुने गए।

# कार्यालय रेनोवेशन के कार्य में अनियमितता कर निकाल दिया टेंडर

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव ।टेंडर निकलने से पहले ही कार्यालय के रेनोवेशन का कार्य हो जाने के लगे आरोप। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही लगातार जीरो टॉलरेंस कि बात कहा कर सभी कार्य नियमा नुसार करवाने की बात कह रही है पर धरातल पर ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। मामला उन्नाव कि नगर पंचायत हैदराबाद का है जहा बिना टेंडर प्रक्रिया पूरी किए ही नगर पंचायत कार्यालय के रेनोवेशन का कार्य करवा दिया गया और भुगतान के लिए फाइल भी तैयार कर ली गई। सूत्र बताते है नगर पंचायत कार्यालय के रेनोवेशन के लिए 14/06/2024 को अखबार में टेंडर निकाला गया था वो भी ऑनलाइन न करके ऑफलाइन टेंडर कर दिया गया ये टेंडर लगभग 9 लाख का बताया जा रहा है पर कार्यालय के रेनोवेशन का कार्य टेंडर प्रक्रिया से पहले ही पूरा कर लिया गया था अब सवाल ये उठता है यदि टेंडर प्रक्रिया से पहले ही कार्यालय के रेनोवेशन का कार्य करवा दिया गया था तो सरकार की नीतियों व नियमो की किस प्रकार से धज्जियां उड़ाई गई होंगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है जहा एक ओर सरकार अपनी जीरो टॉलरेंस नीति का बखान करते नही थक रही वही नगर के जिम्मेदारों द्वारा अनियमित कार्य कर योगी सरकार को खुली चुनौती दी जा रही है। नगर के कई सभासदों ने बताया कि नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा लगातार अनियमित रूप से कार्य करवाए जा रहे है और फर्जी भुगतान किए जा रहे है नगर पंचायत हैदराबाद के कार्यालय के रेनोवेशन का कार्य पहले ही पूरा हो गया था और अब अधिशाषी अधिकारी मनमाना भुगतान करवाने की फिराक में है हो सकता है भुगतान हो भी गया हो जो नियमो के बिलकुल ही विपरीत है। वही अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने आरोपी को स्वीकारते हुए कहा मैने अपने स्तर से कार्य करवा दिया था और अपर जिलाधिकारी को भी पूरे मामले की पहले से जानकारी होने की बात कहते हुए फोन काट दिया ।कुल मिलाकर कही न कही अधिशासी अधिकारी ने कार्य होने के बाद टेंडर प्रक्रिया होने की बात स्वीकार कर ही ली है पर अब देखना होगा इस मामले मे क्या कार्यवाही होती है। वही उपजिलाधिकारी रामदेव निषाद ने मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही की बात कही है।

# बेकाबू कार ने तीन को कुचला, लोगों ने दौड़कर कार चालक को पकड़ा, पिटाई कर कार भी तोड़ दी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रूमी गेट के पास एक व्यक्ति को कार सवार ने टक्कर मारी और भाग निकला। घंटाघर के पास कार सवार ने तीन लोगों को कुचल दिया। लोगों ने कार को दौड़ाया तो कार ने एक ई रिक्शे में टक्कर मार दी। लोगों ने छोटे इमामबाड़े के पास गली में कार को घेर लिया। कार चालक की जमकर धुनाई की और कार पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और भीड़ से चालक को बचाया। पुलिस का दावा है कि कार चालक नशे में था। हादसे में एक बच्ची के घायल होने की भी सूचना है, पर पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार चालक पारा निवासी आयुष्मान उपाध्याय ने रात 11.15 बजे रूमी गेट के पास एक राहगीर को टक्कर मार दी। इस पर लोगों ने कार का पीछा किया तो कार चालक तेजी से गाड़ी लेकर वहां से भाग निकला। भागते हुए वह ठाकुरगंज घंटाघर के पास पहुंचा। उस वक्त वहां भारी भीड़ जमा थी। भागने की फिराक में कार चालक ने तीन लोगों अनवार, गुड्डू व फैजान को कुचल दिया। घंटाघर के पास हुए इस हादसे के बाद लोगों ने शोर मचाते हुए कार का पीछा किया।

### ई रिक्शे में मारी टक्कर, गली में फंसी कार

तीन लोगों को कुचलने पर भीड़ ने जब कार को दौड़ाया तो भागने की कोशिश में कार चालक ने एक ई रिक्शे में टक्कर मार दी। छोटे इमामबाड़े के पास मुफ्तीगंज जाने वाली सड़क पर लोगों ने कार को घेर लिया। हादसे से नाराज लोगों ने पहले तो कार चालक को जमकर पीटा। इसके बाद लोगों ने ईंट-पत्थर से कार को तोड़ डाला।

### लाठी फटकार कर लोगों को पुलिस ने खदेड़ा, चालक को बचाया

हादसे की सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने बेकाबू भीड़ को देखते ही लाठी फटकारते हुए लोगों को वहां से हटाया और कार चालक पारा निवासी आयुष्मान उपाध्याय को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। कार की चपेट में आने से घायल तीनों लोगों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर का कहना है कि कार चालक ने शराब पी रखी थी। मारपीट के दौरान कार चालक को भी चोट लगी है।

# ब्राह्मण समाज की आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। सर्व सम्मति से भगवान परशुराम मन्दिर के निर्माण का शुभारंभ विजय दशहरा को निश्चित हुआ है ।और मन्दिर निर्माण समिति का गठन किया गया। बैठक में निर्माण समिति के संरक्षक के रूप में राजीव बाजपेयी , शैलेन्द्र शुक्ल , विमल शुक्ल , ज्ञानेश दुवेदी और विनोद दीक्षित का चयन किया गया है। अध्यक्ष पद के लिए शषांक शेखर शुक्ल और उपाध्यक्ष- पुष्कर शुक्ल, राम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र अवस्थी, संजीव शुक्ल को चयनित किया गया है ।महामंत्री का दाइत्व अतुल शुक्ल और मंत्री पद का दाइत्व रोहित पांडे, अभिषेक तिवारी को दिया गया है ।कोषाध्यक्ष के लिए अमित रंजन मिश्रा और निरीक्षण (आय- व्यय) प्रभारी वंश गोपाल मिश्रा को बनाया गया है ।सम्मानित मार्गदर्शक सदस्य के रूप में विनोद दीक्षित, श्री कृष्ण दुवेदी, विशाल मिश्रा , अखिलेश दुवेदी, मनीष त्रिपाठी, विवेक शर्मा, श्याम दीक्षित, सर्वेश अग्निहोत्री, प्रवीण दीक्षित, बच्चा अवस्थी, सतीश दुवेदी, अभिषेक तिवारी , रवींद्र तिवारी, संजीव तिवारी आदि को मनोनीत किया गया है।

# कंटेनर ने लोडर में मारी टक्कर , तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। दही-मोहनलालगंज मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के बैगांव मोड़ के पास कमरौली जिला अमेठी से कानपुर जा रहे लोडर को सामने से आ रहे कंटेनर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे लोडर चालक विजय,साथ मे रहे सुशील, रमेश, महेश निवासी जाफरगंज, अमेठी घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया। जहा भर्ती कर सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वही कंटेनर चालक कंटेनर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायती पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# दस माह से मानदेय न मिलने के कारण ग्राम रोजगार सेवकों की स्थित डगमगाई

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले 8 से 10 माह से नही मिला मानदेय,मानदेय ना मिलने से ग्राम रोजगार सेवकों की आर्थिक स्थिति डगमगाने लगी है प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में मनरेगाकर्मियों ग्राम रोजगार सेवकों को दयनीय आर्थिक हालातो का सामना करना पड़ रहा है जिसमें सगवर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक आशीष यादव ने बताया है कि परिवार है बिना मानदेय के परिवार को चलाना मुश्किल हो रहा है,वही नसीरपुर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक शिवनरेश ने कहा है कि मानदेय ना मिलने से भुखमरी की कगार पर हूँ ,धमनी खेड़ा के रोजगार सेवक चन्द्रिका प्रसाद ने कहा है कि मार्ग दुर्घटना में पैर टूट गया था मानदेय ना मिलने से इलाज प्रभावित हो रहा है, शैलेन्द्र सिंह,रामसजीवन यादव ,कुलदीप, संजय पटेल आदि ने भी मानदेय कई महीनों से ना मिलने पर दुख व्यक्त किया है वही ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि जनपद कुछ विकास खण्डों में 15 माह तक का मानदेय बाकी है व ीस्त्रा भी कई वर्षो से बाकी है जोकि बहुत गलत है ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं का निदान अगर जल्द नही किया गया तो सबसे पहले समस्त विकास खण्ड मुख्यालय में तालाबंदी की जायेगी उसके बाद जिला मुख्यालय पर बड़े आंदोलन किया जायेगा

# चार दिन की बच्ची को चारबाग स्टेशन पर कपड़े में लपेटकर छोड़ा, साथ में रखी दूध की बोतल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। महज चार या पांच दिन पहले जन्मी बच्ची को शुक्रवार रात कोई चारबाग स्टेशन पर छोड़ गया। बच्ची को कपेड़े में लपेटा गया था साथ में दूध की बोतल भी रखी थी। इससे साफ है कि बच्ची को जानबूझकर छोड़ा गया। बच्ची को देखकर राहगीर ने पिंक बूथ को सूचना दी। पिंक बूथ पर तैनात महिला आरक्षी बच्ची को अपने साथ ले गई। इसके बाद चाइल्ड लाइन को सूचना दी गई। कोऑर्डिनेटर जया ने बताया कि सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन की टीम बच्ची की जांच कराने के लिए झलकारी बाई अस्पताल ले गई। जया ने बताया कि बच्ची को देखकर लगता है कि जानबूझकर बच्ची को छोड़ा गया है।

# गोपनीय ढंग से हुई ग्राम सभा की बैठक , ग्रामीणों ने दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के गाँव जंगल बुजुर्ग में ग्राम पंचायत की खुली बैठक गुपचुप तरीके से करा लिए जाने पर ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। तहसील क्षेत्र के जंगल बुजुर्ग निवासियों ने जिलाधिकारी के नाम प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम सभा मे सरकारी पेंशन, वृद्धा, विधवा पेंशन ,आवास आदि योजनाओं का चयन किसी सार्वजनिक स्थान या पंचायत भवन में न करके गाँव के ही एक ब्यक्ति के दरवाजे पर ही कर लिया गया है। योजनाओं के चयन के बारे में किसी प्रकार की कोई मुनादी भी नही करवाई गई। जिसके कारण बहुत से पात्र लोग योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए। इस सम्बंध में जब खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी से बात की गई उन्होंने बताया मामले की मुझे जानकारी नही है। ग्रामवासियों में पूर्व प्रधान रीता सिंह,शिवेंद्र सिंह आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बैठक की नियमानुसार जांच कराकर उचित कार्यवाही कराकर पुनः ग्राम सभा में मुनादी करवाकर खुली बैठक में पेंशन के फार्म पात्र लोगो के भरवाये जाये जिससे ग्राम के समस्त पात्र लोगो को चयन किया जा सके।

## संक्षेप

### मारपीट कर रुपए छीनने का युवक ने लगाया आरोप

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत बल सिंह खेड़ा मजरे पुर्थियावा निवासी सुरेश पुत्र छेदा गौतम ने थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दे आरोप लगाया कि वह थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोहली गांव निवासी महेंद्र पुत्र ओमप्रकाश से 20000 रुपए लेकर देर शाम अपने घर बलसिंह खेड़ा मजरा पुर्थियावा थाना औरास मोटरसाइकिल से जा रहा था की सीमऊ के आगे नहर कोठी के पास महेश पुत्र खग्गा ने उसको रोक कर मारपीट की और उसके पास 20000 रुपए थे वह छीन लिए पीड़ित ने थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दे कार्रवाई की मांग की है।

### अधेड़ युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बहरावारा गांव के रहने वाले 50 वर्षीय किसान ने घर के कमरे में फांसी के फंदे से झूलकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस मामले में जांच पड़ताल में जुटी है। गांव निवासी जगदीश (50) खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। शुक्रवार की सुबह वह घर के कमरे में गए और काफी देर तक बाहर नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने कमरा खोलने का प्रयास किया। अंदर से कुंडी बंद होने के चलते नहीं खुल सका। उन्हें शंका हुई तो घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तो फंदे से लटकते शव मिला। जगदीश के छह बच्चे हैं। चार बेटी, दो बेटे हैं। दामाद कुलदीप लोधी ने बताया कि उनको शुक्रवार की दोपहर ससुराल से फोन आने पर घटना की जानकारी हुई। बताया कि आर्थिक तंगी को लेकर ऐसा कदम उठाए जाने की आशंका है। फिलहाल परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है, फिर भी पुलिस के पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र की चौकी भगवंत नगर के गांव डोकरई निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र महावीर उम्र लगभग 35 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अंदर कुंडे से लटके हुए शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुँची चौकी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है। चौकी क्षेत्र के डोकरई गाव निवासी नरेंद्र कुमार गांव से बाहर मुड़ियन खेड़ा में रोड के किनारे किराए पर दुकान लेकर सिलाई का काम किया करता था। आस पास के लोगो के अनुसार नरेंद्र गुरुवार को भोजन करने के बाद दुकान में ही लेट गया सुबह देर तक दुकान न खुलने पर आधा शटर खुला देखकर पड़ोसियों ने दुकान में झांककर देखा तो नरेंद्र कुमार दुकान में लगे कुंडे से लटके थे। पड़ोसियों द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर भगवंत नगर चौकी इंचार्ज बृजेंद्र सिंह मय हम फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला भेजा है। मृतक अविवाहित था। म्रतक के दो भाई रमेश चंद्र व बबलू तथा दो विवाहित बहने हैं। थाना अध्यक्ष सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बाढ़ का पानी भरने से कई संपर्क मार्ग हुए बंद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे शुक्लागंज क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। गुरुवार सुबह गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर 112.820 मीटर दर्ज किया गया, जो शाम होते-होते 112.920 मीटर तक पहुंच गया। यह स्तर खतरे के निशान से मात्र 8 सेंमी की दूरी पर है। इस कारण कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्लागंज के कई शहरी मोहल्ले, जैसे चंपापुरवा, गोताखोर, तेजीपुरवा, सैय्यद कम्पाउंड, शाही नगर और हुसैन नगर के निचले इलाकों में लगभग 500 मकान जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से राहत की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कटरी के सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड़कर हाइवे के किनारे तंबू डालकर रहने के लिए मजबूर हैं। इनमें से कई लोग चोरी के डर से अपने घर छोड़ने को तैयार नहीं हैं। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में रहने वाले मो. इलियास, बानो, साबरा, शेर अली और सुरेश जैसे निवासियों ने बताया कि वे अपने घरों से सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए नाव का सहारा ले रहे हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे वे किराये की नावों से ही अपने सामान को निकालकर हाइवे तक पहुंचा रहे हैं। यहां स्थित लोगों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने के साथ ही उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। गंगा के उफान ने कई संपर्क मार्गों को बाधित कर दिया है, जिनमें हरिहरपुर मार्ग और फत्ते खेड़ा मार्ग शामिल हैं। इसके कारण ग्रामीण इलाकों में आवागमन ठप हो गया है। इससे स्थानीय लोगों को बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में भी कठिनाई हो रही है। इस संकट के बीच प्रशासन ने शुक्लागंज में चार बाढ़ राहत केन्द्र स्थापित किए हैं। इनमें चंपापुरवा, बारातशाला, ओपीजेडी और नगर पालिका शामिल हैं। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि राहत केन्द्रों में गद्दे और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। लेकिन किसी भी परिवार ने अब तक वहां पहुंचने की आवश्यकता महसूस नहीं की। ऐसा लगता है कि लोग अपने घरों में रहकर ही स्थिति का सामना करना चाह रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राहत केन्द्रों में कोई मदद नहीं मिलने से वे काफी चिंतित हैं। चंपापुरवा, गोताखोर और तेजीपुरवा जैसे मोहल्लों के निवासी इस बात से नाराज हैं कि जब उन्हें मदद की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। निवासी सब्बीर ने कहा, हमें राहत केन्द्रों की जानकारी है, लेकिन हम अपनी संपत्ति छोड़ने को तैयार नहीं हैं। चोरी का डर हमें परेशान कर रहा है।

# विराट कुश्ती दंगल का हुआ भव्य आयोजन, अनेकों राज्यों से आए मशहूर पहलवान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बा गंजमुरादाबाद से सटे जनपद हरदोई के विकासखण्ड मल्लावां की ग्राम पंचायत गंजजलालाबाद में ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित द्वारा एक विराट दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पहलवानों ने कुश्ती का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस मौके पर कई भाजपा नेताओं ने भी लोगों को संबोधित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दिनेश शर्मा राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में पहलवानों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस सरकार में सबका सम्मान और सबका विकास हो रहा है। पूर्व की सरकारों ने सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने और ठगने का काम किया है। जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश और देश खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहा है। ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित एवं उनके पिता राष्ट्रीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी नरेश दीक्षित ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर व अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस विराट कुश्ती दंगल में दूर दूर से आए हुए नामी-गिरामी पहलवानों ने अनेकों दांव पेंच दिखाए। जिसमें कई कुश्तियां बराबर पर छूटी तो कई में पहलवानों ने दूसरे पहलवानों को पटखनी देकर जीत हासिल की। जहां जीते हुए पहलवानों को घोषित इनाम दिया गया तो वहीं अन्य पहलवानों को सांत्वना पुरस्कार के साथ ही माल्यार्पण कर अभिषेक दीक्षित द्वारा सम्मानित किया गया। दंगल प्रतियोगिता में सबसे बड़ी कुश्ती इक्कीस हजार रुपए की लाड़ी बाबा एवं विक्की पहलवान के मध्य हुई जिसमें लाड़ी बाबा विजय हुए। इस कुश्ती को देखकर समस्त लोग काफी उत्साहित हुए। वहीं दूसरी कुश्ती ग्यारह हजार रुपए की हुई। जिसमें सुरेन्द्र पहलवान विजयी हुए। वहीं बाकी अन्य कुश्तियां भी काफी मजेदार हुई। जिसमें महिला पहलवानों ने भी अपने अनेकों दांव पेंच दिखाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा राज्यसभा सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला पंचायत प्रमावती वर्मा के पति पी के वर्मा, गौरव पाठक, विवेक सिंह ब्लाक प्रमुख गंज मुरादाबाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र एवं राम बहादुर सिंह, भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार नरेश दीक्षित, रमा शंकर दीक्षित एवं हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के सोनिया गांव निवासी एक युवक 10 दिन पहले उत्तराखंड से घर वापस लौटा। गुरुवार की शाम को एक मंदिर में दर्शन करने गया। वापस लौटते समय उसकी बाइक साइकिल से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने परिजनों के सहमति के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया और मामले की जांच पड़ताल की है। थाना क्षेत्र के सुनिया गांव के रहने वाले पिंटू सिंह का 22 वर्षीय बेटा मनीष सिंह उत्तराखंड में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता था। 10 दिन पहले ही वह छुट्टी लेकर वापस गांव लौटा था। गुरुवार के शाम शहर के साइन मंदिर से दर्शन करके वह बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक एक साइकिल सवार टकरा गई। सड़क पर गिर जाने से उसे गंभीर चोट आई। राहगीरों ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसकी देर रात अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस में जांच पड़ताल की और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। थाना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच-पड़ताल की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार के निदेर्शों के पालन में उन्नाव में शुक्रवार को सख्त परेड आयोजित की गई। इस दौरान एसपी दीपक भूकर ने पुलिस कर्मियों की तैयारियों और अनुशासन की जांच की। एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया और सभी पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मियों को साफ-सुथरी व निर्धारित वर्दी पहननी चाहिए। कुछ खामियों पर उन्होंने अल्टीमेटम भी दिया और बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों की प्रशंसा की। पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता विकसित करने के लिए एसपी ने दौड़ लगवाई और टोलीवार ड्रिल करवाई। उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार की कोई शिकायत मिली तो सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। इस परेड में विभिन्न थानों, कार्यालयों और शाखाओं के पुलिसकर्मी शामिल हुए। एसपी ने परेड के दौरान थानों से आई गाड़ियों में मौजूद दंगा उपकरणों की सामग्री की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकाल की स्थिति में पुलिसकर्मियों के पास सभी आवश्यक संसाधन मौजूद होने चाहिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि जब भी किसी बवाल की सूचना मिले, तो सभी कर्मियों को हेलमेट, डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरण पहनकर मौके पर पहुंचना होगा। एसपी ने परेड के दौरान थानों से आई गाड़ियों में मौजूद दंगा उपकरणों की सामग्री की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकाल की स्थिति में पुलिसकर्मियों के पास सभी आवश्यक संसाधन मौजूद होने चाहिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि जब भी किसी बवाल की सूचना मिले, तो सभी कर्मियों को हेलमेट, डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरण पहनकर मौके पर पहुंचना होगा।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विधायक ने बांटी राहत सामग्री

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील प्रशासन द्वारा क्षेत्र के डौण्डिया खेड़ा व फतेहपुर जनपद के शिवराजपुर में बनाई गई बाढ़ राहत चौकी में आज भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला एवं उपजिलाधिकारी बीघापुर द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई। बाढ़ प्रभावित गांव पसिनिया खेड़ा में नाव द्वारा लोगो को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाया जा रहा है जिसमें बीघापुर तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, राजस्व निरीक्षक अजय सिंह द्वारा वहां गांव में उपस्थित जनमानस को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उधर गुरुवार को ही स्वास्थ्य टीम ने आमद करा दी गई थी। टीम के सदस्यों ने आज से अपना काम शुरू करते हुए बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत लाल खेड़ा व दूली खेड़ा के भगाने का पुरवा, मंझा, धरमपुर समेत आधा दर्जन मजरों में भ्रमण कर बीमार लोगों को उपचारित करने के साथ ही संक्रमण से बचाव के लिए दवाएं वितरित की। स्वास्थ्य टीम एसडीएम के आदेश पर यह स्वास्थ्य टीम इंडिया खेड़ा बाढ़ चौकी तथा संबंधित शिवराजपुर बाढ़ चौकी में समय समय पर ड्यूटी करेगी। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की पूरी निगरानी की जा रही है। बिजली विभाग को हर समय तत्पर रहने को कहा गया है। प्रधान व अन्य अधिकारीयो के नंबर सभी को उपलब्ध कराये गए है व पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था की गई है। राहत किट की खेप बाढ़ चौकियों पर पंहुच गई हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

# अपनी मांगो को लेकर क्षेत्रीय सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर विधानसभा, नगर पालिका श्रेत्र की अत्यंत व्यस्त लोक नगर रेलवे क्रासिंग पर जनहित में अण्डर पास ना बनाकर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग को लेकर श्रेत्रीय सभासदों ने जिलाधिकारी प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राय को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

कई सैकड़ा क्षेत्रीय नागरिको के हस्ताक्षर किये हुये ज्ञापन में मांग की गई कि अत्यन्त भीड-भाड़ वाली लोक नगर रेलवे क्रासिंग जो छोटा चौराहा उन्नाव से होकर लोकईखेड़ा ,कब्बाखेड़ा से होते हुए हरदोई मुख्यमार्ग को जुडी है, तथा पूर्व से कई वर्षों से लोकईयाखेड़ा रेलवे क्रासिंग पर रेल का यातायात अधिक होने के कारण भारी जाम लगता है तथा इसी रोड पर कई महाविद्यालय व विद्यालय पड़ते हैं जिससे कि आये दिन छात्रों को भी व अध्यापको को भी समय से पहुँचने में देरी होती है तथा कभी कभी भारी जाम में एंबुलेंस फॅसी होने के कारण समय से इलाज के अभाव में कई मरीजों की मृत्यु भी हो चुकी है उक्त छोटा चौराहा से लोकईयाखेड़ा रोड (पुराना हरदोई रोड) उन्नाव शहर की मुख्य रोड में एक रोड हैं। विभागीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त रेलवे कासिंग पर अण्डरपास बनना है परन्तु अण्डरपास बनने से जलभराव की समस्या हो जाएगी जिससे लोगो को काफी कठनाइयो का सामना करना पड़ेगा, तथा उक्त रेलवे क्रासिंग पर अण्डरपास की ना स्वीकृत देकर ओवरब्रिज पुल की स्वीकृति प्रदान करे जिससे जनहित में उक्त समस्या से क्षेत्रीय लोगो निजात मिल सके। श्रेत्रीय सभासदों ने उक्त कई सैकड़ा नागरिको के हस्ताक्षर किए हुए ज्ञापन को डाक के माध्यम से मण्डलायुक्त उत्तर प्रदेश व मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ से भी मांग कि उक्त लोकईखेड़ा रेलवे कासिंग पर अण्डरपास की जगह पर ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे। ज्ञापन देने वालों में समाज सेवी आलोक निगम,लोक नगर वार्ड नंबर 13.के सभासद ओमेंद्र लोधी पंकज, जवाहर नगर वार्ड नंबर 10.के सभासद निशेष जयसवाल,पुरन नगर वार्ड नंबर 1. की सभासद किरन शर्मा के प्रति राजेश कुमार शर्मा रहे।

# पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विषय पर आधारित पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। पोस्टर में प्रथम स्थान प्रतीक्षा पाल, द्वितीय आंचल सिंह, तृतीय अंशु गुप्ता, आयुष कुमार ने प्राप्त किया। सृष्टि, अंजलि राठौर, रिमझिम, सुनैना, सौरभ, हर्षिता के पोस्टर भी आकर्षक रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया जयसवाल, द्वितीय काजल, तथा तृतीय स्थान उमा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ० सविता राजन डॉ० किरण डॉ० सुनीता निरंकारी रहे। इस अवसर पर स्वच्छता रैली भी निकाली गई। प्राचार्य प्रोफेसर सदानंद राय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को महाविद्यालय से रवाना किया। जिसमें हम सब का है यही सपना - स्वच्छ हो भारत अपना, एक बात का रखो ध्यान - स्वच्छता का हो अभियान, स्वच्छता ही सेवा गंदगी जानलेवा है, साफ सफाई को अपनाएंगे - देश को स्वच्छ बनाएंगे, सभी रोगों की बस एक ही दवाई - घर में रखो साफ सफाई आदि नारे लगाकर आम जनमानस को जागरूक किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ० दिग्विजय नारायन, डॉ० सविता राजन, डॉ० किरन, डॉ० सुनीता निरंकारी, डॉ० रविराज वर्मा, अभिषेककुमार डॉ० अभय राजपूत, डॉ० शैलजा, बृज किशोर गुप्ता कर्मचारी संदीप कुमार अवस्थी, विनोद मौर्य, बसंत लाल मौर्या, जितेंद्र, कन्हैया लाल, बलराम व सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। लखनऊ से हरदोई जाते समय सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकट पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कुछ छड़ रुकने के बाद वह गंतव्य को चले गए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप व अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील खान आज शुक्रवार को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे द्वारा हरदोई जा रहे थे। जिसकी सूचना क्षेत्रीय कार्यकताओं को लगी तो तमाम पार्टी कार्यकर्ता एक्सप्रेसवे किनारे एकत्र हो गए। प्रदेश अध्यक्ष के बांगरमऊ क्षेत्र पहुंचते ही पार्टी कार्यकर्ताओ ने स्मृति चिन्ह भेटकर तथा माल्यार्पण कर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान सपा नेता सुरेश पाल, मुन्ना अल्वी, राधेलाल निषाद, याकूब अली सिद्दीकी, सत्येंद्र यादव, कमलेश यादव, प्रेम सिंह यादव, अंजर अहमद, अदनान सिद्दीकी, फरहान सिद्दीकी, सुरेंद्र सिंह यादव, विकास पाल, कैलाश पाल, रामपाल कुशवाहा, मोहिब जमा, खलील खान व आनंद कुशवाहा आदि लोगो ने फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सपा नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसी क्रम में पार्टी नेता शशांक शेखर शुक्ला ने दल बल के साथ गंजमुरादाबाद में प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पार्टी नेताओं का स्वागत किया।

# कैसरगंज मे अटेवा की बैठक हुई सम्पन्न

## 26 सितंबर को आक्रोश मार्च की तैयारियों पर की गयी चर्चा

अमन लेखनी समाचार/फैजान




कैसरगंज, बहराइच। अटेवा टीम कैसरगंज की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्षता आशीष मिश्रा ने की संचालन सुधीर पटेल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि रत्नेश कुमार पाल रहे, जिन्हें मंडल उपाध्यक्ष देवीपाटन मंडल की नई जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर कैसरगंज टीम द्वारा उन्हें बधाई दी गई और आगामी संपर्क अभियान के लिए समर्थन व्यक्त किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से 26 सितंबर को होने वाले आक्रोश मार्च की तैयारियों पर चर्चा की गई। एनपीएस (नई पेंशन योजना) के विरोध व यूपीएस (पुरानी पेंशन योजना) के समर्थन में एकजुटता दिखाने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित जिला संयुक्त मंत्री विवेक यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रसल रघुवंशी, और अन्य गणमान्य सदस्यों ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। रत्नेश पाल ने सभी शिक्षक और कर्मचारियों से व्यक्तिगत संपर्क कर अपनी योजनाओं और मुद्दों को साझा करने का आग्रह किया। आशीष मिश्रा ने सभी को एकजुट होकर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, जबकि रसल रघुवंशी ने इस अभियान में आस-पास के विकास खंडों को भी शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। महत्वपूर्ण बैठक में विनीत गुप्ता, नीरज यादव, करमचंद यादव, इंद्रमोहन, उदय भान यादव, प्रशांत यादव सहित अन्य साथी भी उपस्थित रहे।

# दिन दहाड़े घर में घुसकर लुटेरों ने महिलाओं से लूटे जेवरात

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में बिहारी मन्त्री पुरम मोहल्ले में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात बदमाश एक घर में घुस गए। उन्होंने चाकू और तमंचे के बल पर घर में मौजूद महिलाओं से जेवरात लूट लिया। धमकाते हुए कहा की शोर मचाया तो जान से मार देंगे। लूटपाट करने के बाद दोनों भागने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची गंगा घाट पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बिहारी मन्त्री पुरम का रहने वाला उमेश त्रिपाठी पूर्व में एक निजी बस परिवहन में मैनेजर था। शुक्रवार की दोपहर वह किसी काम से घर से बाहर निकले थे। करीब 12:30 बजे के आसपास पीछे के दरवाजे से दो बदमाश घर में घुस गए। घर में मौजूद पत्नी शशि त्रिपाठी, भाभी माया देवी जो की काफी वृद्ध है। शशि त्रिपाठी के एक बदमाश ने गले में चाकू लगा दिया। उनके पास मौजूद जेवरात कान के बाला, दो अंगूठी, पायल लूट लिया। इस दौरान माया देवी ने आवाज लगाने का प्रयास किया, तो दूसरे बदमाश में उनके सिर पर तमंचा लगा दिया। कहा कि यदि किसी को कुछ भी बताने की कोशिश की तो जान से मार देंगे। डरी सहमी महिलाओं ने कुछ नहीं बोला। उसके बाद दोनों बदमाश पीछे के दरवाजे से भाग निकले। थोड़ी देर बाद घटना की जानकारी उमेश त्रिपाठी को हुई। घर पहुंचने के बाद सूचना गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने पुलिस टीम के साथ पीड़ित से पूछताछ की है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही लुटेरों को पकड़ा जाएगा। लेकिन दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि जिले के अलग अधिकारियों ने घटना का संज्ञान लिया है।

# प्रभारी मंत्री के निरीक्षण में आल-इज-वेल मिला विद्यालय

## छात्र विकास की प्रतिभा से प्रभावित हुए प्रभारी मंत्री

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने ग्राम कोढ़वा में संचालित संविलियन विद्यालय मुरौव्वा मुन्सरी का निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान श्री शाही ने कक्षा 06 व 07 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पृथ्वी के लिए सूर्य की उपयोगिता के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्नो का बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के निरीक्षण के दौरान कक्षा 08 के छात्र विकास द्वारा कम्प्यूटर पर भारत का नक्शा उकेर कर प्रभारी मंत्री से शाबाशी हासिल की। विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं आल-इज-वेल पाये जाने तथा पूर्ण ड्रेस में बच्चों की उपस्थिति पर प्रभारी का काफी प्रसन्न दिखे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के लागू होने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार आया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षा की गुणवत्ता में परिलक्षित होने वाला सुधार ही ग्रामीण परिवेश का आधार बनेगी। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने शिक्षकों का आहवान किया कि बच्चों को क्लीलिटी एजूकेशन के साथ उन्हें उनकी रूचि के अनुसार खेल व संगीत जैसी गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह सितम्बर के तृतीय शनिवार 21 सितम्बर 2024 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## सम्पादकीय

# संस्कारों और नैतिकता से दूर क्यों हो रही युवा पीढ़ी

हम आधुनिकता की चकाचौंध में लगातार भाग रहे हैं। इस अंधी दौड़ में न केवल अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को दरकिनार कर रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी इनसे दूर करते जा रहे हैं। अगर यही सब ऐसे ही चलता रहा तो शिष्टाचार, नैतिकता महज शब्दकोष में लिखित अक्षर बनकर रह जाएंगे। इन्ही हालात को देखते हुए ही नई दिल्ली में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवन ने कहा कि भारत में भी परिवार के संस्कारों को खतरा है। मीडिया के दुरुपयोग से नई पीढ़ी बहुत तेजी से अपने संस्कार भूल रही है, इसलिए हफ्ते में एक बार निश्चित समय पर अपने कुटुंब के सब लोगों को एक साथ बैठना चाहिए। अपनी श्रद्धा अनुसार घर में भजन-पूजन, उसके बाद घर में बनाया हुआ भोजन साथ में करें। समाज के लिए भी कुछ न कुछ करें। इसके लिए छोटे-छोटे संकल्प लें। वैसी भी यही हमारी संस्कृति है। किसी भी विषय को ले लें, हम अपनी युवा पीढ़ी पर पूरा दोष डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। सवाल यह नहीं कि आज की युवा पीढ़ी में नैतिकता व शिष्टाचार की कमी हो रही है, बल्कि सवाल यह है कि क्या सिर्फ युवा पीढ़ी पर दोषारोपण से हमारी जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है। क्या हम युवा पीढ़ी के लिए अपना कर्तव्य निष्ठा से निभा रहे हैं। क्या सारी गलती युवा पीढ़ी की ही है। आज उनमें अगर संस्कारों, शिष्टाचार की कमी हो रही है तो उसकी वजह सिर्फ और सिर्फ हम हैं, क्योंकि हम उनमें संस्कार नैतिकता शिष्टाचार नहीं भर पा रहे हैं। बच्चों का अनैतिक होने के लिए हम जिम्मेदार हैं। बच्चों में अनैतिकता के प्रवेश से न केवल उनके, बल्कि पूरे समाज के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगता है। इसके चलते अनेक तरह की बुराइयों को जगह मिलती है। नशा, अपराध इसी से ही पनपते हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। जब बच्चा छोटा होता है तो उसका दिमाग खाली होता है। ये हम पर हैं कि हम उसके दिमाग में क्या भरते हैं। आप उसको जिस प्रकार के संस्कार व शिक्षा देंगे उसी राह पर वह आगे बढ़ता है। अगर बाल्यकाल में बच्चों को यह शिक्षा दी जाती है कि चोरी करना बुरी बात है तो वह चोरी जैसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचेगा। बाल अवस्था में बच्चों को संस्कारित करने में माता-पिता, दादा-दादी व बुजुर्गों का बड़ा हाथ होता था। कहानियां भी प्रेरणादायी होती थीं। आज हम बच्चों को कहानी सुनाने की बजाय मोबाइल फोन थमा रहे हैं। उसमें न जाने क्या-क्या देखा जा रहा है। एक नैतिक शिक्षा की पुस्तक होती थी। आज वह पुस्तक गायब हो चुकी है। ढेरों कंप्यूटर गेम्स, वीडियो गेम्स, फिल्मी गानों की दुनियाभर की सीडी मिल जाएंगी, लेकिन भगत सिंह, स्वामी विवेकानंद आदि के जीवन की कहानियों की किताब स्कूल बैग से गायब ही हो चुकी हैं। यहा तक कि हम कोशिश भी नहीं करते कि अपने बच्चों को ऐसी किताबे दें जिससे वह नैतिकता व शिष्टाचार को समझें। यह बात जरूर है कि आजकल की युवा पीढ़ी नैतिकता तथा शिष्टाचार को भूल सी गई है। संस्कारों का अभाव कहीं भी देखने को मिल सकता है। युवा पीढ़ी में संस्कार, नैतिकता व शिष्टाचार की कमी न हो, इसके लिए हमें स्वयं से ही शुरुआत करनी होगी। सबसे पहले खुद को बच्चों के साथ जोड़ना होगा। यह सही है कि आज भी भागदौड़ भरी जिंदगी में समय का अभाव है, लेकिन बच्चों के लिए समय निकालना जरूरी है। जो टाइम आप और हम फोन पर खर्च करते हैं। वो बच्चों को देना शुरू करें। उनको अच्छी तरह से समझें और उनके दिल की बात जानें, तभी हम उन्हें संस्कारों से जोड़ पाएंगे।



यूएन महासभा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

> संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यंग ने जलवायु परिवर्तन, हिंसक टकराव और टिकाऊ विकास की धीमी होती रफ्तार समेत अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विविधता में एकता की अपनी दृष्टि पेश की है और अन्तरराष्ट्रीय सहयोग की पुकार लगाई है। उन्होंने यह भी पुकार लगाई है कि समतापूर्ण आर्थिक प्रगति हासिल की जाए, नवाचार और हरित अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन देना होगा और आर्थिक विकास से मिलने वाले लाभों को हर देश के लिए सुनिश्चित करना होगा। यह सत्र फ़िलेमॉन यंग की सूझबूझ, स्पष्टता और हाशिये के देशों को मिलने वाले महत्व पर ही मूल्यांकित होगा।

# फ़िलेमॉन के समक्ष चुनौतियां

फ़िलेमॉन यंग के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र का आगाज हो चुका है। यह महासभा न्यूयॉर्क में हो रही है और इसके साथ ही भविष्य के लिए सम्मलेन भी आयोजित होगा इस सत्र वाली महासभा अपने पूरे जोश के साथ भविष्य के सम्मलेन पर भी अपना मंतव्य प्रकट करने जा रही है, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यंग ने जलवायु परिवर्तन, हिंसक टकराव और टिकाऊ विकास की धीमी होती रफ्तार समेत अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विविधता में एकता की अपनी दृष्टि पेश की है और अन्तरराष्ट्रीय सहयोग की पुकार लगाई है। उन्होंने यह भी पुकार लगाई है कि समतापूर्ण आर्थिक प्रगति हासिल की जाए, नवाचार और हरित अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन देना होगा और आर्थिक विकास से मिलने वाले लाभों को हर देश के लिए सुनिश्चित करना होगा।

संयुक्त राष्ट्र का यह सत्र फिलेमॉन यंग की सूझबूझ, स्पष्टता, गरिमापूर्ण बहस के लिए उनकी उद्दात्तता और हाशिये के देशों को मिलने वाले महत्व पर ही मूल्यांकित होगा। भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र में विजय लक्ष्मी पंडित ने इस दायित्व को शुरूआती वर्षों में निभाया है। इस साल कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमॉन यंग के नेतृत्व में महासभा हो रही है। वैश्विक शांति व लोकतंत्र के पैरोकार इसमें जुटकर अपना-अपना पक्ष रखते हैं और विश्व की चिंताओं को प्रकट करते हैं। यूएन महासचिव एंटोनियो गुतारेस का मानना है कि मुश्किलों से घिरी दुनिया में समाधान की तलाश में सामूहिक कार्रवाई पर बल दिया जाए तो हम दो कदम आगे बढ़ सकते हैं। साझा लक्ष्यों के लिए सभी सदस्य देशों को एकजुट करने के लिए सभी देशों की संगठित शक्ति और फिलेमॉन यंग की दूरदर्शी, सम्यक साझी रणनीति से दुनिया बदली जा सकती है। पहले दिन से ही, संयुक्त राष्ट्र बहुपक्षीय समाधानों का स्थल रहा है, जिसकी बुनियाद रचनात्मक सहयोग, सम्वाद, कूटनीति व यूएन चार्टर में है। इन सबके बावजूद संयुक्त राष्ट्र के चिह्नित लक्ष्य जिसमें एसडीजी-2030, भविष्य के लिए सम्मलेन, वैश्विक शांति के हालात ये सब दिमाग में बुद्धिजीवियों के आ ही जाते हैं। पूरी दुनिया में समालोचकों द्वारा यह चिंता जताई जा रही है कि दुनिया के हालात ठीक नहीं हैं। अफगान की औरतों के साथ ठीक नहीं हो रहा है। युद्धरत देश युद्धविराम के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। कभी गाज़ा, कभी म्यांमार, कभी बांग्लादेश तो कभी गल्फ देशों से अस्थिरता, संघर्ष और मतभेद की पराकाष्ठा देखने-सुनने को मिल रही है। समस्या यह है कि संकटग्रस्त देशों का यह समूह जब-जब न्यूयॉर्क में इकठ्ठा होता है तो कोई समाधान न निकालकर केवल अपना दिल हल्का करने के लिए कुछ-कुछ कहकर चला जाता है। एंटोनियो गुतारेस की यह चिंता कि निर्धनता में कमी लाने, असमानता को दूर करने और जलवायु संकट समेत अन्य चुनौतियों पर पार पाने के लिए ठोस समाधानों की आवश्यकता है। हमें समाधानों की जरूरत है। टिकाऊ विकास लक्ष्यों में फिर से ऊर्जा भरने और निर्धनता व



असमानता का अंत करने की जरूरत है। आर्थिक प्रगति व रोजगार सृजन को प्राथमिकता देकर महिलाओं व युवाओं के लिए विशेष रूप से ध्यान देने की ज़रूरत है। उभरती हुई टेक्नॉलॉजी, जैसे कृत्रिम बुद्धिमता को प्रगति के औज़ार बनाने की जरूरत है। यह सब बातें अच्छी लगती हैं लेकिन समस्या इस बात की है कि इस पर अमल कितना हो रहा है। कूटनीतिक का ऊंट जिस खूंट से सन 1945 में बांधा गया, वह कभी इस करवट-कभी उस करवट अपनी पोजीशन बदलता है। यदि सकारात्मक परिवर्तन नहीं होंगे तो संयुक्त राष्ट्र व संयुक्त राष्ट्र महासभा में एकत्रित होने वाले देशों व उनके नेतृत्वकर्ताओं पर भी तो प्रश्न चिह्न लगेंगे। यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है। दुनिया बदलेगी, ऐसी आशाएं कम नहीं ही गईं, लेकिन यह आशाएं क्या केवल भ्रमजाल ही बनी रहेंगी या अबूझ पहेली? तो क्या दुनिया में परिवर्तन हो जाएगा, आज सवाल यह है।

फ़िलेमॉन यंग अपनी फिलहाल दृढ़ संकल्प व प्रतिबद्धता व्यक्त किया है कि इस महासभा के जनादेश को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि सुरक्षा परिषद का सुधार करूंगा, महासभा का पुनरुद्धार करूंगा। सामाजिक शिखर सम्मेलन 2025 की सफलता के लिए काम करूंगा। विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथा अअंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है उसे गंभीरता से लूंगा और एसडीजी 14 के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन भी हमारी गंभीर इनिशिएटिव में सम्मिलित है संचारी रोगों पर चौथा उच्च स्तरीय सम्मेलन और भविष्य के समझौते का कार्यान्वयन जल्द अपनाया जाएगा। सही बात यही है कि सदस्य देशों को, अपनी विविधता के साथ ही अपने हितों के बारे में अपने विचारों और प्रस्तावों को मुक्त रूप में रखने का अवसर है जहां देश, लड़ाई किए बिना, चर्चा में शिरकत कर सकते हैं। उसमें फिलेमॉन यंग का यही दायित्व देशों के प्रतिनिधियों को जोड़ने और समाधान ढूंढने के लिए अवसर प्रदान करेगा, यह सच्चाई है, लेकिन देश यदि किसी समाधान की ओर आगे बढ़ना चाहेंगे तभी कुछ संभव है। यदि सदस्य देश फिलेमॉन यंग स्वयं और संयुक्त राष्ट्र महासचिव इन प्राथमिकताओं, सहयोगात्मक भावना के साथ आगे बढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समुदाय के लिए कुछ अभिनव आशा की किरण और समाधान का सूत्र बन जाए तो दुनिया इस सत्र की तारीफ़ करेगी। मैत्रीपूर्ण विश्व का निर्माण किस प्रकार से हो सकता है इस पर वैश्विक राय बनानी फिलेमॉन यंग की प्राथमिकता होगी। वैसे भी सतत विकास का लक्ष्य 2030 तक जो रखा गया है, उस पर संयुक्त राष्ट्र यदि सच स्वीकार करे तो वह उससे बहुत दूर है। सत्ता और संप्रभुता में चल रही विश्व के देशों की सरकारें इन गंभीर मसलों पर यदि बेचैन नहीं हैं तो इस दुनिया का भला भगवान भरोसे है। यदि फिलेमॉन यंग सरकारों की सोच को बदलने में सफल हुए तो निःसंदेह परिणाम भी अच्छे आएंगे। फिलेमॉन यंग की प्राथमिकता है कि उन्होंने देशों से ग़ाज़ा पट्टी, हेती, यूक्रेन, और अफ्रीका के ग्रेट लेक्स क्षेत्र में मौजूदा हिंसक टकरावों के निपटारे का आग्रह किया और अंतरराष्ट्रीय क़ानून व न्याय के फ्रेमवर्क को मज़बूती देने और मानवीय सहायता प्रयासों के लिए आपसी समन्वय को बढ़ाने की पुकार लगाई। वह चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, ड्रग, मानव तस्करी और आधुनिक दासता की चुनौतियों से निपटने के लिए मानव गरिमा का ध्यान रखा जाए।

सुनहरे भविष्य की चिंता तो पूरे विश्व को करनी होगी। इसमें फिलेमॉन यंग केवल जिम्मेदार नहीं हैं। एक वैश्विक साझी रणनीति ही हमारे लिए सुरक्षित भविष्य तैयार कर सकती है, इसलिए फिलेमॉन यंग की बतौर अध्यक्ष जो जिम्मेदारी है उसे वह निभाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति में यदि संयुक्त राष्ट्र महासभा का यह सत्र आमूलचूल परिवर्तन लाने में सफल हुआ तो निःसंदेह उनके नेतृत्व को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी व उन्हें श्रेय भी मिलेगा।

मुद्दा
रोहित कौशिक



# ओजोन परत बचेगी तो बचेंगे हम

सोलह सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कही गईं। सवाल यह है कि आजोन परत की स्थिति को सुधारने के लिए जब तक हम अपना व्यवहार नहीं बदलेंगे तब तक स्थिति में परिवर्तन कैसे होगा। हालांकि अब कई स्थानों पर ओजोन परत की स्थिति सुधर रही है, लेकिन सिर्फ इतने से ही संतुष्ट होकर नहीं बैठा जा सकता। दरअसल ओजोन परत की स्थिति में उतार-चढ़ाव होता रहता है। समय-समय पर ओजोन परत को लेकर विभिन्न अध्ययन सामने आते रहते हैं। कभी-कभी इन अध्ययनों में विरोधाभासी बातें भी सामने आती हैं। यानी कभी ओजोन परत की स्थिति में सुधार का शोध प्रकाशित होता है तो कभी ओजोन परत की स्थिति बदतर होने का शोध प्रकाशित होता है। ऐसी विरोधाभासी शोध हमें भ्रमित करते हैं। दरअसल यह एक जटिल मामला है, इसलिए ओजोन परत से सम्बन्धित शोधों में अलग-अलग बातें सामने आती हैं। भिन्न-भिन्न जगहों पर ओजोन परत की स्थिति भिन्न-भिन्न हो सकती है। मूल बात यह है कि आज जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचायी जा रही है, वह ओजोन परत के लिए शुभ नहीं है। पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाकर ही हम ओजोन परत को बचा सकते हैं। कुछ समय पूर्व ओजोन परत पर काम करने वाले कोलोरेडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने उपग्रहों के जरिए किए गए अध्ययन में पाया था कि कुछ जगहों पर पिछले दस साल के दौरान ओजोन के स्तर में स्थिरता बनी रही है या फिर इसमें मामूली बढ़ोतरी हुई है। सम्पूर्ण विश्व में ओजोन परत पर हुए अन्य शोधों के द्वारा भी यह बात सामने आई कि 1997 के आस-पास ओजोन क्षय की दर कम हो गई थी। वैज्ञानिकों ने इस सम्बन्ध में 25 साल के आंकड़ों का अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगातार खराब होती जा रही ओजोन परत की स्थिति कुछ जगहों पर अब बेहतर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की स्थिति में सुधार 1987 की अंतरराष्ट्रीय मांट्रियल संधि के कारण ही संभव हुआ है। मांट्रियल संधि का उददेश्य ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाली गैसों एवं तत्वों के उत्सर्जन पर रोक लगाना था। लेकिन इसके बाद कुछ जगहों से ओजोन परत की खराब हालत की खबरें भी आईं। वैज्ञानिकों ने सत्तर के दशक में यह खोजा था कि ओजोन परत पतली हो रही है। 1980 के आस-पास यह बहुत स्पष्ट हो गया था कि ओजोन परत का तेजी से क्षरण हो रहा है। इसके लिए विभिन्न मानवनिर्मित कारक जिम्मेदार थे। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के द्वारा यह बात सामने आई कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन नामक गैस ओजोन परत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रही है। यह गैस मुख्यतः वातानुकूलन एवं प्रशीतन (रेफ्रिजिरेशन) में काम आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण में ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट विमान भी क्लोरो फ्लोरो कार्बन छोड़ते हैं। इस गैस के द्वारा ओजोन परत को हानि पहुंचते देख वैज्ञानिक जगत चिन्तित था, इसलिए इस तरह की गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 1987 में अंतरराष्ट्रीय मांट्रियल संधि को लागू किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की सुधरती स्थिति इसी मांट्रियल संधि का नतीजा है। दरअसल कुछ समय पूर्व जारी ओजोन परत की सुधरती स्थिति से सम्बन्धित रिपोर्ट के कारण कोई भ्रम पाल लेना तर्कसंगत नहीं होगा। अनेक जगहों पर ओजोन परत की हालत बहुत अच्छी नहीं है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मात्र क्लोरो फ्लोरो कार्बन ही ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाती है, बल्कि कुछ अन्य कारक भी ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। नासा तथा कुछ विश्वविद्यालयों का मानना है कि आज कुछ जगहों पर ओजोन परत की बेहतर स्थिति के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन में कमी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है। वातावरण में सभी जगह ओजोन की सान्द्रता बराबर नहीं रहती है। उष्णकटिबन्धी क्षेत्रों में ओजोन की सान्द्रता अधिक होती है जबकि ध्रुवीय क्षेत्रों में इसकी सान्द्रता कम होती है। वातावरण में ओजोन फोटो केमिकल प्रक्रिया के द्वारा लगातार बनती तथा नष्ट होती रहती है और इस तरह से इसका संतुलन बना रहता है, लेकिन मानवनिर्मित प्रदूषण के द्वारा वातावरण में ओजोन का सन्तुलन गड़बड़ा जाता है।


## ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनता का दायित्व सिर्फ वोट डालने तक

लोकतंत्र यानी कि लोगों के लिए, लोगों के द्वारा और लोगों की सरकार। लेकिन क्या यह तंत्र असलियत में अपना राजधर्म निभा रहा है, इसका निर्णय भी जनता को ही करना चाहिए। हमारा दायित्व सिर्फ वोट डालने तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, जबकि यह आकड़ा भी 50 से 60 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाता। बाकि बची 40 से 45 प्रतिशत जनता इसलिए वोट नहीं डालती कि उन्हें उम्मीदवार पसंद नहीं या उन्हें वोट डालना पसंद नहीं या वो वर्तमान के राजनीतिक हालात से खुश नहीं हैं। ऐसी कई संभावनाएं हैं जो वोट के प्रतिशत को चुनाव आयोग के कई आयोजनों के बावजूद नहीं बढ़ा पा रही हैं। उन नाखुश वोटरों को बेशक वर्तमान में नोटा जैसा प्रावधान दिया है, लेकिन इसके अलावा राइट टू रीकॉल रूपी हथियार को मजबूती दी जाए तो जरूर लोकतंत्र जमीनी स्तर तक वोटरों की भारी भागीदारी के साथ ऊंचे मुकाम पर पहुंचेगा।

*– मुकेश झा, भाटापारा*

## ट्रेंड

### प्रभावशाली विकास लाए

हमारे तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आए हैं। आज, विकसित भारत के दृष्टिकोण को आकार देने वाली कई परियोजनाएं अहमदाबाद से शुरू की जा रही हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### समान मानवाधिकार नहीं

हिंदू मंदिर सरकार के अधीन हैं और कानूनी नियंत्रण चर्च या मस्जिद के समान अधिकार नहीं हैं। वक्फ बोर्ड सरकार से जो चाहे जमीन व कानूनी मंजूरी ले सकता है। जब तक इसमें बदलाव नहीं होता तब तक हिंदुओं के पास समान मानवाधिकार नहीं हैं।

**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**



### सिर शर्म से झुक गया

एक शर्मनाक वीडियो सामने आया, जिसमें देश के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रूस के राष्ट्रपति पुतिन को नरेंद्र मोदी के यूक्रेन जाने को लेकर सफाई दे रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है। इससे देश के 144 करोड़ लोगों का सिर शर्म से झुक गया।

**-संजय सिंह, आप नेता**



### धैर्य शांत शक्ति

परिवार के साथ धैर्य ही प्रेम है। दूसरों के प्रति धैर्य ही सम्मान है. स्वयं के प्रति धैर्य रखने से आत्मविश्वास बढ़ता है। ईश्वर के प्रति धैर्य ही विश्वास है। धैर्य वह शांत शक्ति है जो एक समय में एक पल में हमारी यात्रा को आकार देती है।


**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**



## करंट अफेयर

### तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण रोका

तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही केवल दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सितंबर में टीकाकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले इसे रोकने की खबर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को दी गई है और इसके पीछे किसी कारण भी उल्लेख नहीं किया गया है। तालिबान सरकार की तरफ से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## ऑफ बीट

### पृथ्वी के पास शनि की तरह कभी कोई छल्ला रहा होगा

लगभग 46 .6 करोड़ वर्ष पहले बना एक ऐसा छल्ला हमारे ग्रह के अतीत की कई पहेलियों को सुलझा सकता है। लगभग 46 .6 करोड़ वर्ष पहले बहुत सारे उल्कापिंड पृथ्वी से टकराने लगे थे। हम यह जानते हैं क्योंकि भूवैज्ञानिक रूप से संक्षिप्त अवधि में इसके असर के कारण पृथ्वी पर कई गड्ढे बने। इसी अवधि में हमें यूरोप, रूस और चीन में चूना पत्थर के भंडार भी मिले जिनमें एक प्रकार के उल्कापिंड का बहुत ज्यादा मलबा था। इन तलछटी चट्टानों में उल्कापिंड के मलबे का संकेत मिलता है कि वे आज गिरने वाले उल्कापिंडों की तुलना में बहुत कम समय के लिए अंतरिक्ष विकिरणों के संपर्क में थे।



## संक्षेप

### बांदा की खेती की उर्वरक क्षमता हुई खत्म

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बुंदेलखंड की खेती की कृषि उर्वरता खत्म होती जा रही है। उपजाऊ बनाने वाले पोषक तत्व नाइट्रोजन और फास्फोरस अब गहराई में चले गए है। किसानों के लिए अब चिंता का विषय बन गया है। पहले यहां को मिट्टी ऊपरी सतह से कुछ नीचे पोशाक तत्व मिलते थे। लेकिन अब वह 1 मीटर नीचे चले गए है। जिसमें अब भविष्य में खेती करने में संकट आ सकता है। आपको बता दे की बुंदेलखंड की खेती में सबसे ज्यादा रासायनिक खादों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे उसकी उर्वरक क्षमता खत्म होती जा रही है। किसान और कृषि वैज्ञानिक इसको लेकर परेशान है। मिट्टी की उर्वरा बचाने को कृषि विश्वविद्यालय भी शोध कर रहा है। 2023 में मिट्टी परीक्षण विभाग के अनुसार सातों जनपदों बांदा, झांसी, ललितपुर, जालौन, महोबा, हमीरपुर और चित्रकूट में 22559 किसानों के खेतों की मिट्टी में पाए जाने वाले 16 प्रकार के पोषक तत्वों की जांच की गई। परीक्षण में आया की खेतों में दो महत्वपूर्ण पोषक तत्व नाइट्रोजन और फॉस्फोरस तेजी से घट रहा है। मृदा परीक्षण करने वाले विभाग के अनुसार मिट्टी में नाइट्रोजन प्रति हैक्टेयर उच्च स्तर 0.80 से घटकर अति न्यून स्तर 0.20 और फॉस्फोरस प्रति हैक्टेयर 40.0 से घटकर 10.0 स्तर पर पहुंच गया है। उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि बांदा में पोटाश का स्तर बहुत अच्छा नहीं है। पहले जैविक खादों के प्रयोग से प्रति हैक्टेयर गेहूं की उपज 12 कुंतल थी।

### अमरोहा में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में हादसा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में निकले ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में हादसा हो गया। जुलूस में शामिल एक ट्रैक्टर पर बैठा एक किशोर अचानक नीचे आ गिरा और उसके ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया उतर गया। इस हादसे में बालक की मौत हो गई। हालांकि बालक को अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर इस घटना के बाद जुलूस में हड़कंप मच गया। जुलूस की खुशियां अचानक गम में बदल गई। बालक के परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिजनों ने बालक के शव को सुपर्द ए खाक कर दिया। पुलिस की मामले की जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल यह घटना अमरोहा के गजरौला कोतवाली इलाके के गांव सुनपुरा कलां की है। सोमवार शाम को गांव में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में गांव के सभी बच्चें भी मौजूद थे। इसी दौरान ट्रैक्टर पर सवार 13 वर्षीय शाकिर पुत्र साजिद उर्फ राजीद निवासी गांव सुनपुरा कलां अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। हादसा होता देख जुलूस एम हड़कंप मच गया। आनन फानन में बालक को ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जुलूस को रोका गया। जुलूस की खुशियां मातम में बदल गई।

# प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान से बदलेगी 03 थारू बाहुल्य ग्रामों की सूरत

**बर्दिया, फकीरपुरी व बिशुनापुर का होगा कायाकल्प**

**जनजातीय समूहों के जीवन स्तर में होगा सुधार**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जनपद में निवासरत समस्त जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत जनजातीय बाहुल्य 03 ग्रामों बर्दिया, फकीरपुरी व बिशुनापुर को प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अन्तर्गत चयनित की गई हैं। चयनित ग्रामों में निवासरत थारु समुदाय के विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए योजनान्तर्गत चिन्हित समूहों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बस्तियों में बसाया जायेगा और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किये जाने के साथ ही इन्फॉस्ट्रक्चर में हाइब्रिड मोड के माध्यम से बिजली, पानी, चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आच्छादित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनजातीय आबादी वाले ग्रामों बर्दिया, फकीरपुरी व बिशुनापुर में पक्के घरों का निर्माण, पक्की सड़कें, विद्युत कनेक्शन, एल.पी.जी. कनेक्शन, ट्राइबल मल्टीपर्पज मॉर्केटिंग सेन्टर, हर घर स्वच्छ पेयजल की सुविधा, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण, हॉस्टलों का इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम, मत्स्य उत्पादन, कौशल विकास, आर्थिक सशक्तिकरण सम्बन्धित कार्यक्रमों का संचालन, उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना, आश्रम पद्धति विद्यालय, आयुष्मान कार्ड, सीकेल सेल व खून की कमी से निपटने के लिए केन्द्र व अन्य सुविधा केन्द्र, पोषण वाटिका केन्द्र, कृषि आधारित व्यवसाय, पशुधन पालन आधारित व्यवसाय को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामों को सौर ऊर्जा से आच्छादित किया जायेगा। डीएम ने बताया कि 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से बर्दिया की 1540, फकीरपुरी की 2097 व बिशुनापुर की 1612 आबादी का चतुमुर्खी विकास होगा। चयनित ग्रामों में निवासरत जनजातीय समुदाय में उनकी स्थानीय भाषा के माध्यम से सूचना, शिक्षा एवं संवाद (आई.ई.सी.) के अन्तर्गत हाइब्रिड मोड में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आवश्यकतापरक मूल्यांकन एवं संसाधनों की पूर्ति हेतु ग्राम, ब्लाक व जनपद स्तरीय अभिसरण समिति का गठन किया जायेगा। डीएम ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर शासन की मंशानुरूप योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित कराया जायेगा।

# प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ग्राम कोढ़वा व टिकुरी का किया भ्रमण

**बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित किया खाद्यान्न किट**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/विनोद जायसवाल



बहराइच। पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के कारण नदियों के जल स्तर में हुई बढ़ोत्तरी के कारण जनपद में बाढ़ जैसे हालात पैदा होने के दृष्टिगत प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रभावित तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम टिकुरी व कोढ़वा का भ्रमण कर प्रभावित परिवारों का कुशलक्षेम पूछते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपके साथ है। आपदा से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले में बाढ़ जैसे हालात पैदा होने तथा महसी में मानव वन्यजीव संघर्ष को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया तथा तहसील महसी के ग्राम सिसईया चूणामणि में वन्य जीव संघर्ष से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा से प्रभावित सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के अनुमन्य सहायता प्रदान की जा रही है। भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री शाही ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला व अन्य के साथ ग्राम टिकुरी में 60 तथा ग्राम कोढ़वा में 50 प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने ग्राम कुड़वा में कटान से हुई क्षति का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रभावित ग्राम टिकुरी में स्वास्थ्य व पशुपालन विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों व पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर औषधि का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यपाल द्वारा जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों को किट की मिली सौगात

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या के 29वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा तथा जिला प्रशासन बहराइच द्वारा जनपद के 100-100 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए उपलब्ध करायी गयी 16 सामानों ट्राई साईकिल, झूले वाले घोड़े, नम्बर्स, एबीसीडी, फल, एनीमल्स, ब्लाक्स, पजेल्स, बाल, क्ले (गोलियां बनाने के लिए) रिंग्स, स्टोरी बुक्स (पंचतंत्र), एजुकेशनल मैप, वाईट बोर्ड (स्टैंडर्ड) मार्कर एवं डस्टर, टेबल (किडनी शेप्ड) व चियर्स की उपलब्ध कराई गई किट प्रतीकात्मक रूप से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द के नेतृत्व में अयोध्या पहुँची 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डॉ राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय अयोध्या में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के करकमलों द्वारा वितरित किया गया। राज्यपाल द्वारा जनपद बहराइच की सराहना करते हुए कहा गया कि आप लोगों के प्रयास से जो कीट उपलब्ध कराया गया है वह आप लोगों के परिश्रम का प्रतिफल है जिसके लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी की टीम बधाई की पात्र है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ वं जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, सीडीपीओ पयागपुर एवं हुजूरपुर भी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री के निरीक्षण में आल-इज-वेल मिला विद्यालय

**छात्र विकास की प्रतिभा से प्रभावित हुए प्रभारी मंत्री**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने ग्राम कोढ़वा में संचालित संविलियन विद्यालय मुरौव्वा मुन्सरी का निरीक्षण किया।

विद्यालय के निरीक्षण के दौरान श्री शाही ने कक्षा 06 व 07 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पृथ्वी के लिए सूर्य की उपयोगिता के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्नो का बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के निरीक्षण के दौरान कक्षा 08 के छात्र विकास द्वारा कम्प्यूटर पर भारत का नक्शा उकेर कर प्रभारी मंत्री से शाबाशी हासिल की। विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं आल-इज-वेल पाये जाने तथा पूर्ण ड्रेस में बच्चों की उपस्थिति पर प्रभारी का काफी प्रसन्न दिखे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के लागू होने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार आया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षा की गुणवत्ता में परिलक्षित होने वाला सुधार ही ग्रामीण परिवेश का आधार बनेगी। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने शिक्षकों का आहवान किया कि बच्चों को क्वीलिटी एजूकेशन के साथ उन्हें उनकी रूचि के अनुसार खेल व संगीत जैसी गतिविधियों के लिए भी प्रेरित किया जाय।

# पुलिस ने लापता बच्चे को परिवार से मिलवाया

- 8 साल का बच्चा भटक कर दूसरे गांव पहुंच गया था, बोल-सुन नहीं पाता है

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के थाना पथरा बाजार की पुलिस ने कड़ी मेहनत से एक गुमशुदा बालक को उसके परिवार से मिलाया। जिसके लिए क्षेत्र के लोग पुलिस की खूब तारीफ कर रहे हैं। 16 सितंबर को ग्राम बनगवां में करीब 8 साल का एक बच्चा भटककर आ गया था। गांव वालों ने इस बारे में डायल-112 को सूचित किया। जब पुलिस ने बच्चे से उसका नाम और पता पूछा तो वह कुछ भी नहीं बता सका। इसके बाद उसे थाने ले जाया गया और 1098 हेल्पलाइन को भी इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने बच्चे की फोटो सोशल मीडिया पर साझा की। उसकी पहचान के लिए प्रचार किया। सोशल मीडिया के जरिए बालक के परिजन को सूचना मिली और वे थाने पहुंचे। बालक की



नानी और मामा ने बताया कि यह बच्चा उनकी बेटी सुनीता और उसके पति विश्राम का बेटा है। जो बोल और सुन नहीं पाता है। वह शाम को घर से निकल गया था और बहुत ढूंढने के बाद भी नहीं मिला। थाना पथरा बाजार पुलिस ने बच्चे को उसके मामा और नानी को सौंप दिया। बालक को पाकर परिवार बहुत खुश हुआ और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# हापुड़ में तालाब में डूबकर दो मासूम भाइयों की मौत

- घर के बाहर खेलते समय हुआ हादसा, लोगों ने बच्चों को निकाला बाहर

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के धौलाना थाना क्षेत्र में घर के पास खेल रहे दो मासूम भाईयों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। फिलहाल परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गांव देहरा निवासी शहजाद मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन करता है। उसके तीन बेटे एक बेटी है। मंगलवार की दोपहर उसका 6 वर्षीय पुत्र आफियान और 4 वर्षीय पुत्र जुबेर घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते-खेलते जुबेर तालाब के पास पहुंच गया। जिससे पहले वह कुछ समझ पाता, उससे पहले ही वह तालाब में डूब गया। भाई को डूब देख आफियान भी तालाब में गिर गया। जिस पर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने जैसे-तैसे दोनों बच्चों को बाहर निकाला। दोनों बच्चों की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने ही कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि तालाब में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। लेकिन परिजन ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

# सरकार की नीयत सिख-जैन, हिंदुओं की मिल्कियत पर कब्जे की

## सपा विधायक ताहिर खान बोले- वक्फ बोर्ड कानून का सब कर रहे विरोध

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में डाकखाना चौराहे पर जश्न-ए मोहम्मदी के मंच से इसौली के सपा विधायक ताहिर खान ने लोगों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा मैं भारत सरकार से अपील करता हूं जो वक्फ बोर्ड में बिल ले आ रहे हैं, क्यूआर कोड के जरिए हिंदू मुसलमान उसका अब्जेकशन कर रहे हैं। क्योंकि आप इसके बाद सिख भाइयों के साथ, इसके बाद जैन भाइयों के साथ, इसके बाद हिंदू भाइयों के साथ उनकी मिल्कियत पर कब्जा करने की आपकी नीयत है। विधायक ने कहा ये हमारे बाप दादाओं की मिल्कियत है, ये वक्फ बोर्ड की मिल्कियत थी है और रहेगी। विधायक ने ये भी कहा अल्लाह के रसूल ने फरमाया वतन से मोहब्बत, राष्ट्र से मोहब्बत हमारा ईमान है। भारत से मोहब्बत करने के लिए अगर हमें पाकिस्तान को रौदना होगा, पीओके पर कब्जा करना होगा और साथ साथ मानसरोवर पर कब्जा करना होगा तो हम चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और अशफाक उल्ला बनकर अखंड भारत बनाने का काम करेंगे। वे यही नहीं रुके उन्होंने कहा मैं बिहार के सीएम नीतीश कुमार से कहूंगा आपको हिंदू मुसलमान सब देते हैं। चंद्राबाबू नायडू आपको सब वोट देते हैं, इसलिए सोच समझकर फैसला लीजियेगा। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से भी कहना चाहूंगा, आप सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास पाना चाहते हैं और भारत को मजबूत बनाना चाहते हैं तो हम लोग भारत के लिए कुरबान हो जाएंगे।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सिसवा में पोषण माह का आयोजन

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया जागरूक, रंगोली के जरिये शिक्षा-पोषण और पर्यावरण का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, इटवा विकास खंड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सिसवा में पोषण माह के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को समग्र और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और पोषण के महत्व को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रंगोली के माध्यम से शिक्षा, पोषण, और पर्यावरण पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। सीडीपीओ इटवा, मंजूलता गौतम ने कार्यक्रम में भाग लिया और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ममता श्रीवास्तव ने शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सुंदर गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेषकर, बच्चियों तुम भी स्कूल जाया करो गीत को खूब सराहा गया। सीडीपीओ मंजूलता गौतम ने बताया कि 1 से 30 सितंबर तक आयोजित पोषण माह के दौरान एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, और बेहतर प्रशासन जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुपोषण दूर करने की दिशा में अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ ने विभिन्न खाद्य सामग्रियों जैसे अनाज, दाल, सब्जियाँ, और फल के पोषण महत्व के बारे में जानकारी दी।

# किसानों की पंचायत में उठा गन्ना भुगतान का मुद्दा

**बिजली बिल में गड़बड़ी होने से किसान परेशान, कोतवाल को सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार




हापुड़, हापुड़ में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। गन्ना भुगतान, बिजली बिलों में गड़बड़ी और धान की बिक्री में किसानों से आढ़त न लेने जैसे मुद्दे उठाए गए। इसके बाद किसानों की मांगों को लेकर थाना प्रभारी श्योपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष पवन हूण ने बताया कि पंचायत में गन्ना संबंधित समस्याओं को हल करने, धान की बिक्री में आढ़त न लेने और बिजली विभाग के बिलों में हो रही गड़बड़ी को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से धान की फसल खराब हो गई है। जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की कि फसल का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और शुगर मिल से जुड़े गन्ना सेंटर की मांग जल्द पूरी की जाए। पंचायत में मंडल सचिव विनोद तोमर, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष रूप लाल, तहसील उपाध्यक्ष अरुण कुमार, जितेंद्र नागर और अन्य किसान नेता भी मौजूद थे।

# कोतवाली देहात पुलिस ने 4 वाहन चोर दबोचे

- पुलिस ने एक स्कूटी समेत 9 बाइक की बरामद, ऑन डिमांड करते थे चोरी

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के थाना देहात पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ऑन-डिमांड वाहन चोरी करने के मास्टरमाइंड थे और चोरी के वाहनों की फर्जी नंबर प्लेट और दस्तावेज बनाकर बेचने का धंधा करते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की आठ बाइक, एक स्कूटी, आठ फर्जी नंबर प्लेट, चार फर्जी आरसी और अन्य सामग्री बरामद की है। सीओ ने जानकारी दी कि थाना देहात प्रभारी सुरेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ वाहन चोर बाइक पर सवार होकर क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान गांव सुल्तानपुर अंडरपास की ओर से दो बाइक सवार आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम मेरठ के थाना मुंडाली क्षेत्र के गांव सिसौली निवासी आकाश, गाजियाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव किलौरा निवासी सोनू, हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र के तगासराय निवासी गौरव, और लोधीपुर निवासी शिवम बताए। जांच में पता चला कि ये सभी शातिर चोर हैं और बाइक चोरी में लिप्त हैं। सीओ ने बताया कि ये आरोपी गिरोह बड़े ही शातिर तरीके से काम करता था। वे ऑन-डिमांड वाहनों की चोरी करते थे और फिर एनसीआर क्षेत्र और अन्य जिलों से चोरी किए गए वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर और फर्जी आरसी बनाकर उन्हें बेच देते थे। गिरोह के सदस्यों पर हापुड़, गाजियाबाद और मेरठ जिलों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत लगभग 25 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से इलाके में सक्रिय वाहन चोर गिरोहों पर एक बड़ा प्रहार हुआ है और पुलिस ने वाहनों की चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में सफलता हासिल की है।

# संक्षेप

## बाइक की आपसी टक्कर में आशा कार्यकत्री समेत व्यक्ति घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा चौराहे पर गुरुवार की रात 9.00 बजे बाइक की आपसी टक्कर में सीएचसी ठरापार में तैनात महिला आशा कार्यकत्री इंद्रावती देवी 41 वर्ष तथा थाना क्षेत्र सहजनवा के ग्राम बड़गों निवासी इंसाफ अली 51 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार द्वारा जिला चिकित्सालय गोरखपुर रेफर कर दिया गया है।इंसाफ अली घघसरा बाजार से बाइक द्वारा घर जा रहे थे, वहीं आशा कार्यकत्री अपने सहयोगी के साथ चिकित्सालय में भर्ती डिलीवरी वाली महिला के लिए दवा लेने बाजार जा रही थी कि चौराहे पर दोनों बाइकों में टक्कर हो गई । जिससे दोनों को काफी चोट लग गयी । डॉक्टरों ने इंसाफ अली के पैर की हड्डी में क्रैक बताया है। वहीं महिला कार्यकत्री के सीने में गंभीर चोट लगने की बात कही है।

## प्रधान ने ग्राम सचिव के खिलाफ सीडीओ से दर्ज कराई शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुवाबार में तैनात सचिव के ढाई महिने में मात्र चार दिन जाने पर ग्राम पंचायत में मनरेगा व विकास कार्य बाधित हो गया है ।शुक्रवार को प्रधान ने सीडीओ को पत्रक देकर सचिव बदलने की मांग किया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुवाबार के प्रधान प्रेमचन्द यादव ने सीडीओ को दिए पत्रक में बताया 30जून को ग्राम पंचायत में तैनात सचिव का तबादला हो गया ।उसके दूसरे सचिव को नियुक्त किया गया ।नियुक्ति के बाद ढाई महिने का दिन बीत गया ।सचिव मात्र चार दिन ग्राम पंचायत में आये है ।अभी तक सेक्योर आईडी तक नहीं बन सका है ।सचिव के नहीं आने से मनरेगा व अन्य विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो गये हो ।जन्म,मृत्यु व परिवार कुटुंब रजिस्टर की नकल के लिए ग्रामीण को भटकना पड़ रहा है ।अभी तक सेक्योर आईडी तक नहीं बन सका है ।सीडीओ ने पत्रक लेकर बीडीओ पाली को जांच कर कारवाई का निर्देश दिए है ।सचिव आनन्द बरूण ने कहा सभी आरोप गलत है ।सिस्टम लगने पर पंचायत भवन से काम कराया जायेगा।

## दबंगों ने कपड़ा व्यापारी और भाजपा नेता को पीटा

जालौन, जालौन के कोंच कोतवाली क्षेत्र में देर रात एक कपड़ा व्यापारी और भाजपा नेता के साथ दबंगों द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई। शराब के लिए पैसे न देने पर शुरू हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसमें दबंगों ने व्यापारी और भाजपा नेता की बुरी तरह से पिटाई की और फिर मौके से फरार हो गए। घटना शालिग्राम पाठक इंटर कॉलेज के सामने की है, जहां कोंच नगर के जयप्रकाश नगर निवासी कपड़ा व्यापारी रामजी गुप्ता के पिता रामबाबू गुप्ता से शराब के पैसे की मांग की गई। पैसे न देने पर दबंगों ने 9:30 बजे रात को रामजी गुप्ता के घर के बाहर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

# डीएम व सीडिओ ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, साफसफाई के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने पूर्वान्ह 10 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, के दौरान उन्होंने पंजीकरण काउंटर, आभा ऐप, जननी सुरक्षा योजना कक्ष, एनसी रजिस्ट्रेशन कक्ष, लेबर रूम, आयुष्मान वार्ड, एनआईसीयू, पीडियाट्रिक जनरल वार्ड, जच्चा बच्चा वार्ड, स्टॉक रूम, आफिस रिकार्ड रूम, जनरल मेडसिन ओपीडी, कोविड लैब, पैथोलाजी विभाग, एक्स-रे विभाग, इमरजेंसी मेडसिन वार्ड, जनरल मेडसिन वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र आदि का बारीकी से निरीक्षण किया ।उन्होंने सीएमएस प्रभाकांत सिंह को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि जिला अस्पताल के अंदर प्राइवेट अस्पतालों की होर्डिंग न लगे और न ही प्राइवेट एंबुलेंस अस्पताल के अंदर आए, दलालो पर सख्त कार्यवाही करें। अस्पताल के बाहर सिंगल विंडो बनाकर पर्चा काटने की व्यवस्था की जाय और आभा ऐप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार- प्रसार करें, जिससे घर बैठे ही लोग अपना पर्चा बनवा लें और उनको लाइन में लगने से राहत मिले ।उन्होंने सीएमएस से प्रतिमाह होने वाली कुल डिलेवरी एवं सिजेरियन डिलेवरी की जानकारी ली और निर्देशित किया की लेबर रूम की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत योजना के बारे में अस्पताल आने वाले मरीजों को जागरूक करें। आयुष्मान वार्ड में बेड की संख्या पूछने पर सीएमएस द्वारा बताया गया की कुल 16 बेड हैं और सब 100 प्रतिशत भरे रहते हैं, इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें निर्देश दिए की ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करें और अलग से काउंटर बनाकर रजिस्ट्रेशन करें साथ ही आयुष्मान रजिस्ट्रेशन कार्यालय में संचालित सीसीटीवी की क्रियाशीलता को भी देखा। जच्चा बच्चा वार्ड में गंदगी पाए जाने पर संबंधितो को निर्देश दिए कि साफ-सफाई विशेष ध्यान रखें।एक्सरे रूम में ज्यादा भीड़ होनें पर सीएमओ डा0 राजीव नयन गिरी को निर्देशित किया कि अस्पताल में रखी दूसरी एक्सरे मशीन को तत्काल कल से एक्सरे टेक्नीशियन रखते हुए संचालित कराएं, जिससे आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके। पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान सीएमएस को निर्देश दिए की बच्चों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराएं और यह सुनिश्चित करें कि उनका वजन उम्र के अनुसार हो, बच्चों को कार्टून दिखाएं जिससे पुनर्वास केंद्र में उनका मन लगे एवं मां को भी जागरूकता वाले वीडियो दिखाएं जिससे वो अपने बच्चे का सही से देखभाल कर सके, पोषण पुनर्वास केंद्र को चाइल्ड फ्रेंडली बनाएं और जो भी बच्चे पोषण पुनर्वास केंद्र में आएं उनके अनुभव अन्य बच्चों से शेयर करें ।उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि शुद्ध पेय जल एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें । इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस सहित सम्बंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# आरसीसी सड़क की दीवार को मनबढो ने तोड़ा, प्रधान ने थाने में दी तहरीर



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेउसा में बन रही आरसीसी सड़क के किनारे की दीवाल को बीती रात कुछ मनबढों ने क्षतिग्रस्त कर दिया, शुक्रवार को सुबह मजदूर सड़क पर कार्य करने गए तो दीवाल टूटी देख ग्राम प्रधान रूक्मिणी देवी को सूचना दिए, मौके पर पहुंची प्रधान ने अज्ञात मनबढों के खिलाफ सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी पर तहरीर दे दिया है। ग्राम प्रधान रुक्मिणी देवी के पति एवं प्रतिनिधि ग्राम पंचायत भेंउसा ब्यासमुनि ने दी गई तहरीर में बताया कि पुलिया से लेकर विद्यासागर के खेत तक आरसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है, पहले सड़क के दोनों तरफ दीवाल बनाई जा रही है ,जिसको बीती रात कुछ मनबढो ने तोड़ दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी सोनबरसा बाबू राहुल दूबे ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

## स्वच्छता के लिए डिटाल हाइजिया गेम का हिस्सा बने

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। रेकिट इंडिया एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में ह्लस्वच्छता शिक्षाह्ल कार्यक्रम संचालित कर रही है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल्यावस्था से ही बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने हेतु जानकारी प्रदान करना एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन कर उनमें स्वच्छता के गुणों का विकास करना है। इस कार्यकम के अर्न्तगत स्वछता को बढ़ावा देने हेतु डेटॉल हाइजिया ( गेम ) एप्लीकेशन लॉन्च किया है, इस गेम के जरिए बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं उनके स्वच्छता व्यवहार तथा आस-पड़ोस की स्वच्छता के विषय पर यवहार में परिवर्तन की जा रही है। डेटॉल हाइजिया ( गेम ) एप्लीकेशन प्ले स्टोर के माध्यम से निम्न लिंक https:/ /play. google. com/ store/ apps/ details?id=com.dettol.hygieiaसे डाउनलोड किया जा सकता है या दिए गए दफ कोड के माध्यम से भी अपने मोबाइल पर इसे डाउनलोड किया जा सकता हैजा सकती है।

## शराब पीला धोखे से जमीन बैनामा कराने का आरोप

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरवल निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर शराब पीला जमीन बैनामा करा लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है। सहजनवां तहसील के भरवल निवासी पंकज उपाध्याय ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि 19 सितंबर को कुछ लोग खेत में कार्य ने दौरान पहुंचे और सहजनवां चलने की बात कहे। फिर एक होटल में ले जाकर शराब पिलाए और फिर नशा होने पर तहसील लेकर चले गए। आरोप है कि आरोपितों ने करीब 8.40 डिसमिल जमीन धोखे से बैनामा करा लिया।

# साधन सहकारी समिति जहानाबाद के अध्यक्ष पद पर सपा के राजेन्द्र निगम निर्विरोध निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर स्थित कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला चौक स्थित साधन सहकारी समिति के चल रहे चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सपा समर्थक प्रत्याशी राजेंद्र निगम अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए निर्वाचन अधिकारी शिव प्रकाश ने बताया कि साधन सहकारी समिति जहानाबाद संचालन अध्यक्ष पद पर राजेंद्र निगम द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया था। जिस पर नामांकन पत्र के जांच के उपरांत राजेंद्र निगम द्वारा दाखिल किया गया नामांकन पत्र सही पाए जाने के उपरांत अन्य किसी सदस्य द्वारा नामांकन पत्र नहीं दाखिल किया गया था जिसके चलते उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं संचालन सीमित पद पर 9 सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए जिस पर प्रमुख रूप से रमेश यादव, विजय मोहन, सुनील गौतम, अशोक कुमार, प्रीति वर्मा, रीना यादव, सुरेश कुमार, नरेंद्र कुमार को संचालन समिति के सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा किया। इस दौरान संचालन समिति के उपाध्यक्ष पद पर अकबरपुर नसीरपुर से पूर्व प्रधान रीना यादव का नामांकन पत्र वैध पाया गया जिस पर अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद पर दोनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए साधन सहकारी समिति जहानाबाद में समाजवादी पार्टी समर्थकों का रहा दबदबा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित राजेंद्र निगम समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व नेता है वही रीना यादव पूर्व मंडी सचिव मौजीलाल की पुत्रवधू है तथा उनके पति बृजेंद्र प्रताप उर्फ राजू यादव नगर पंचायत में सभासद निर्वाचित हैं तथा सदस्य पदों में भी समाजवादी पार्टी का दबदबा देखा गया समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी रमेश यादव, सुनील गौतम, अशोक कुमार सहित प्रीति वर्मा पूर्व मंत्री इंद्रजीत पुरी की पुत्रवधू हैं साथ ही सुरेश कुमार तथा नरेंद्र कुमार समाजवादी पार्टी के समर्थक माने जाते हैं निर्वाचन की घोषणा होते ही सपा पदाधिकारी ने निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को फूल मालापहनकर मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा नगर अध्यक्ष हसीब एडवोकेट, पूर्व मंत्री इंद्रजीत कोरी, डॉक्टर इंद्र स्वरुप श्रीवास्तव,पूर्व सपा नगर अध्यक्ष ताज अंसारी, सभासद रिजवान,अनवर यादव, प्रदेश सचिव के.पी. यादव, मौजी लाल, बंगाली यादव, सैयद इजहरूद्दीन, कमलेश कोरी, राजेश यादव, सतीश सैनी, मोनू, बकेवर सचिव राहुल यादव सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे।

## बेटे वा दहेज को लेकर पति ने पत्नी को घर से किया बाहर ,साली से रचाई शादी

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर थाना बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली लक्ष्मी पत्नी अर्जुन सिंह उत्तरी लालाराम निवासी हनुमान गढ़ी खजुहा थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर की रहने वाली है जिसकी शादी अर्जुन सिंह पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद निवासी मोहल्ला नैनागढ़ नगरा थाना प्रेम नगर जनपद झांसी के साथ 19 फरवरी 2018 को हिंदी रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था जिसकी 5 वर्ष की एक बच्ची भी है प्रार्थना लक्ष्मी देवी ने बताया कि सास सोमवती आए दिन ताना दिया करती थी और पति अर्जुन सिंह व जेठ अवधेश कुमार व देवर मुकेश कुमार दहेज के रूप में मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे लक्ष्मी के पिता द्वारा अतिरिक्त दहेज व मोटरसाइकिल ना देने वाले कारण ,पुत्र न पैदा न होने के कारण उसके ससुराल जन वा पति नाखुश थे 27 अगस्त 2021 को खाने में जहर मिलाकर दे दिया गया था हालत गंभीर हो गई थी गंभीर हालत देखते हुए ससुराल जाने ने प्राथमिक को एक नजदीकी अस्पताल में इलाज कराया इसके बाद प्राथमिक के पति ने पत्नी को धमकी दिया कि घर छोड़कर चली जाए नहीं तो इस बार बच गई हो दोबारा नहीं बच पाओगी तभी 28 अगस्त 2023 को थाना प्रेम नगर जनपद झांसी में लिखित शिकायती पत्र दिया गया लेकिन कोई निश्चित कार्रवाई नहीं हो पाई जिससे नाराज होकर ससुराल जन ने लक्ष्मी के साथ मारपीट किया और एकमात्र कपड़े पहने हुए बच्ची के साथ घर से बाहर निकाल दिया वही पति 15 मार्च 2024 को उस की छोटी बहन बबली को बहला फुसलाकर भाग ले गया जिस पर मु आ सं 79/2024 धारा 306 आईपीसी बिंदकी जनपद फतेहपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया जिसके बाद पता चला कि ससुराल जन ने मिलकर प्रार्थनी की बहन से के पति का अवैध तरीके से विवाह कर दिया तब प्राथमिक ने दिनांक 3 मई 2024 को पुलिस अधीक्षक को रजिस्ट्री के जरिए प्रार्थना पत्र दिया किंतु अभी तक कोई निश्चित कार्रवाई नहीं हो पाई है

# शराब के नशे में मनबढ़ ने युवक को मारी गोली हालत गंभीर



**सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त का किया पहचान**

**आरोपी की पहचान बैंक से सेवानिवृत्त पूर्व कैशियर के रूप में हुई**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नगर पंचायत सहजनवां कस्बा स्थित देशी शराब की दुकान पर मनबढ ने बगल में शराब पीरहे युवक को गोली मार दी ।सूचना पर पहुंची घायल को सीएचसी लेकर पहुंची ।जहा डाक्टर गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।घटना की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है ।अभी कोई तहरीर नही पडी है। कस्बा स्थित देशी शराब की दुकान पर क्षेत्र के उज्जीखोर निवासी शिवानंद 40पुत्र स्व सीताराम सिंह शराब पी रहे थे ।तभी पत्नी का फोन आया ।फोन पर शिवानंद पत्नी को तेज आवाज में गाली दे रहे थे ।बगल में शराब पी रहे मनबढ को लगा वह उसे गाली दे रहे है ।मनबढ ने विरोध किया तो शिवानंद ने बताया पत्नी को गाली दे रहा हू ।उसके बाद मनबढ से कहा-सुनी हुई ।मनबढ ने पास मौजूद तमंचा निकालकर गोली चला दी ।गोली दाहिने तरफ कमर में लगी ।शिवानंद गिर पडे ।मनबढ मौका देख फरार हो गया ।घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है ।इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संदर्भ में सीओ प्रशाली गंगवार ने कहा की आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तहरीर मिलने पर कारवाई की जायेगी।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, चालक युवक की हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार




बकेवर, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के थाना बकेवर क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रही ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। वही बाइक चालक गंभीर रूप से घायल है। चौडगरा की ओर से जा रही डीसीएम ने जहानाबाद जा रहे मोटरसाइकिल सवार को कंशमीरीपुर बम्बी के पास पीछे से टक्कर मारी। पीछे बैठी महिला विनोद पासवान की पत्नी सविता निवासी महमूदपुर की मौत हो गई और चालक श्री किशन पुत्र हसनू निवासी महमूदपुर थाना बिंदकी घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस की सूचना पर पहुंचकर पिकप से दोनों को सीएचसी जहानाबाद भेज दिया। जहां पर महिला को मृत घोषित कर दिया और घायल को कानपुर रेफर कर दिया। महिला के एक पुत्र अभिनव 12 वर्ष पुत्री तनिष्का 10 वर्ष की है पति विनोद कमाने के लिए सूरत गया था। मृतक महिला सविता एक सप्ताह से अपना बिल ठीक करने जहानाबाद एसडीओ ऑफिस जा रही थी। पड़ोसी छोटेलाल पासवान ने बताया कि इसका बिजली बिल 1लाख 40 हजार रुपए हो गया था। जिसको लेकर वह काफी परेशान रहती थी यह भी बताया कि केवल इसके घर में पंखा और दो बल्ब भी जलते थे ।थाना प्रभारी निरीक्षक कांति सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में तहसील कार्यकारिणी की हुई घोषणा

अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। स्थानीय बजरंग धर्मशाला गरौठा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार बालादीन राठौर के मुख्य आतिथ्य एवं तहसील अध्यक्ष राजेश सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया ।इस दौरान वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर विचार विमर्श किया ।बैठक के दौरान तहसील इकाई गरौठा की नई तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की गई ।तहसील कार्यकारिणी में मुकेश पाठक को नगर अध्यक्ष गरौठा की अहम जिम्मेदारी दी गई ।वही सोम मिश्रा को तहसील महामंत्री,गुलाब यादव को कोषाध्यक्ष,समद अली को ब्लॉक अध्यक्ष गुरसरांय ,राजबहादुर बुंदेला को तहसील उपाध्यक्ष, निर्दोष राजपूत को ब्लॉक उपाध्यक्ष गुरसरांय,विपिन श्रीवास को नगर उपाध्यक्ष,कल्लू वर्मा को मीडिया प्रभारी,विवेक अग्रवाल को नगर सचिव,संजय रिछारिया को नगर महामंत्री एवं दीपक यादव को तहसील सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई ।सभी

नवनियुक्त पदाधिकारियों का पत्रकारों ने एक दूसरे को फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी ।अंत में नगर अध्यक्ष मुकेश पाठक द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।इस मौके पर राजेंद्र सिंह बुंदेला,प्रदीप शर्मा, हेमन्त यादव,मानवेंद्र यादव,महेंद्र रैकवार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# पुलिस ने किशोरी हत्याकांड का किया खुलासा, आरोपी युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के थाना बिन्दकी क्षेत्र में छः दिन पहले कोचिंग पढने के लिए गयी किशोरी हत्याकांड का बिन्दकी पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या का सफल अनावण करते हुए संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपी शिवेंद्र उर्फ शीबू पुत्र मुंशीलाल निवासी मो० पैगंबरपुर कस्बा व थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर उम्र 31 वर्ष के कब्जे से कत्ल में इस्तेमाल हुए लोहे की पाइप, घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल व सात सौ रुपये नगद भी बरामद किया हैं। घटना की जानकारी विगत शनिवार को मृतका की मां द्वारा थाना बिंदकी में प्रार्थना पत्र दिया था, कि उसकी 15वर्षीय पुत्री जो शाम को चार बजे कोचिंग पढने के लिए गयी थी। जो वापस नहीं आयी है। शिकायत के दूसरे दिन ही गुमशुदा का शव जाफराबाद बाईपास बहद ग्राम जाफराबाद थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर से बरामद हुआ था। जनपद के पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक बिन्दकी को टीमे गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सिर में लगी चोटों से होना पाया गया था। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 103 (1)/238/65 (1) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट बढोत्तरी की गयी। वही गिरफ्तार करने वाली टीम में बिंदकी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय, उ0नि0 सत्यदेव गौतम, उ0नि0नीरज कुशवाहा, कां० तपेन्द्र बघेल, कां0 विशाल सिंह, एसओजी टीम प्रभारी एसओजी विनोद कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अनिल सिह, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र कुमार कुशवाहा, आरक्षी विपिन मिश्र, आरक्षी अतुल त्रिपाठी, आरक्षी अभिमन्यु सिंह पटेल, आरक्षी बृजेश पाल, आरक्षी राहुल कुमार और सर्विलांस टीम प्रभारी सर्विलांस निरीक्षक तारा सिंह पटेल, मुख्य आरक्षी रविन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षी शिव सुन्दर, सनत पटेल, अजय कुमार अंकुश बाबू, रहे। घटना का अनावरण करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार नगद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार हत्या की पृष्ठभूमि में प्रेम प्रसंग बताया गया है।

## व्यापार मंडल का हुआ गठन, सुरेश दीक्षित बने सातवीं बार अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में बकेवर व्यापार मण्डल का गठन लगातार सातवी बार अध्यक्ष सुरेश कुमार दीक्षित बने।

नीलकंठ पैलेस पटेल नगर फतेहपुर में संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की संतुति पर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने बकेवर व्यापार मण्डल का गठन करके अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार दीक्षित, महामंत्री दिनेश कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष शकील अहमद, प्रवक्ता अखिलेश साहू, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार अवस्थी , उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार, संजय कुमार हरीश कुमार गुप्ता ,राजेश कुमार गुप्ता, मंत्री सन्त लाल, महेन्द्र प्रताप, विश्वकर्मा ,रामकिशोर पटेल , संगठन मंत्री रामसरन गुप्ता ,अरविन्द साहू, विशंभर विश्वकर्मा , नामेंद कुमार को पुष्पहार पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया, गया।, संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा प्रदेश व जनपद स्तर पर कमेटी का नवनिर्माण प्रारम्भ किया जा रहा है। ज़िला अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने कहा तहसील कस्बों ग्रामो की इकाइयां नियुक्त की जा रही है। नवनियुक्त बकेवर अध्यक्ष सुरेश कुमार दीक्षित ने शपथ ग्रहण करते कहा व्यापारी सेवा के साथ कस्बा बकेवर की समस्याओं जिसमे प्रमुख रूप से जिला पंचायत कर निर्धारण में अनियमिता प्रशासन द्वारा दो पहिया वाहनों के चालान, जलापूर्ति हेतु हैंडपंप का आवंटन संगठन द्वारा निर्माणित कराया जायेगा। अवसर पर संरक्षक श्रवण कुमार दीक्षित नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## भाकियू अराजनीतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिवस


अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान के 62 में जन्मदिन के अवसर पर संगठन द्वारा जिला अस्पताल व वृद्ध आश्रम मवई में केला एवं बिस्किट का वितरण किया गया। राजकुमार गौतम सहित कार्यकताओं ने उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर शिवदेस मौर्य ब्लाक महासचिव हसवा द्वारा रक्तदान भी किया गया और निर्णय लिया गया कि गांव गांव सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर प्रीतम सिंह, छोटे सिंह, दीपक गुप्ता, महेंद्र सिंह भदोरिया, बबलू सिंह गौतम, सोनू सिंह, अजय सिंह, राजू सिंह, उमेश सिंह, धनंजय सिंह, मानसिंह ठेकेदार, राजेंद्र सिंह, आजम, आशु सिंह विजयपाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ,हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील के अंतर्गत घरेलू विवाद के चलते युवक ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खा लिया जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए जिला अस्पताल फतेहपुर ले जाया गया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया हैलट अस्पताल कानपुर में चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के जोनिहा कस्बे में घरेलू विवाद के आशीष बाजपेई उम्र 26 वर्ष पुत्र रज्जन वाजपेई ने जहरीला पदार्थ खा लिया तो परिजनों में हडकंप मच गया। युवक को इलाज के लिए फतेहपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया वहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया। कानपुर हैलट में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया युवक की मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों में हड़कम मच गया परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे।

# पुलिस ने दर्ज किया छेड़खानी मारपीट का मुकदमा

**परिजनों का आरोप लगाई गई मामूली धाराएं**

**इज्जत बचाने के लिए युवक से भिड़ गई थी युवती**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के एक गांव में छोटे भाई के साथ तिल की फसल काटने जा रही युवती के साथ दुष्कर्म का असफल प्रयास होने पर पुलिस ने युवती के बयान पर अज्ञात युवक के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती अपने आठ वर्षीय छोटे भाई के साथ गुरुवार को दोपहर बाद खेतों में खड़ी तिल की फसल काटने जा रही थी। खेतों में पहुंचते ही एक अज्ञात युवक ने उससे दुष्कर्म करने की नीयत से दबोच लिया। इज्जत बचाने के लिए वह युवक से भिड़ गई। तमाम जद्दोजहद के बाद युवक जब अपने मकसद में कामयाब नहीं हुआ तो युवती को मारपीट करके लहूलुहान कर दिया। इस दौरान युवती व उसका भाई मदद के लिए लगातार चीखते रहे। लेकिन सुनसान होने के चलते कोई भी मदद के लिए नहीं आया और युवती ने अकेले ही संघर्ष करके अपनी इज्जत बचाई। पुलिस ने युवती के बयान पर छेड़खानी मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। चर्चा है कि गुरुवार की देर शाम ही युवक को पड़ोसी जनपद बांदा की सीमा से पुलिस ने दबोचकर पूछताछ शुरू की है। बताते हैं कि युवक बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के नारायण गांव का निवासी है। वहीं युवती का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पुलिस फिलहाल इस मामले में चुप है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि युवक की तलाश जारी है। जल्द ही युवक को दबोच कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# 6 दिन बाद नहीं लगा हिंसक जानवर का सुराग, वन विभाग की टीम कर रही काम्बिंग

**लोगों को अफवाहों से बचने को कर रहे आगाह**

**इंगोहटा की गौशाला में जंगली जानवर घुसने की सूचना पर पहुंचे रेंजर**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। पाटनपुर में दो दर्जन से ज्यादा भेड़ों को मौत के घाट उतारने वाले हिंसक जानवर को पकड़ने में वन विभाग की टीमें असफल है। हिंसक जानवर की पकड़ न होने से आसपास के गांवों में दहशत व्याप्त है। वन विभाग की टीमें लगातार काम्बिंग कर रही हैं। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। साथ ही लोगों को अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। बीती रात इंगोहटा की गौशाला में किसी जंगली जानवर के घुसने की अफवाह से वन विभाग की टीम रात भर हलाकान होती रही।

गत शनिवार/रविवार की रात को पाटनपुर गांव में रामनारायण पाल की दो दर्जन से ज्यादा भेड़ों को हिंसक जंगली जानवर ने मार डाला था। इस घटना के बाद आयुक्त चित्रकूट धाम, डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य वन संरक्षक आदि गांव पहुंचे थे और हिंसक जानवर को पकड़ने के निर्देश वन विभाग को दिए थे। तब से हमीरपुर, सुमेरपुर, मौदहा रेंज के वनाधिकारी पाटनपुर, रोहारी, पिपरौंदा, अछरेला, बहरेला, इंगोहटा, बिदोखर पुरई, कम्हरिया, भरसवां, बण्डा आदि गांवों की सीमाओं पर काम्बिंग करके हिंसक जानवर की टोह ले रही है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में ड्रोन कैमरे भी उड़ा रही है ताकि हिंसक जानवर का सुराग लग सके। बीती रात किसी ने इंगोहटा की गौशाला में जंगली जानवर के घुसने की सूचना दे दी। इससे वन क्षेत्राधिकारी इफ्तिखार खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। इसी तरह शुक्रवार को वन विभाग की टीम बिदोखर पुरई पहुंची और गांव वालों से बातचीत करके गांव के समीप हिंसक जानवरों को देखे जाने के बावत पूछताछ की। वन विभाग की टीमें लोगों को अफवाहों से बचने के प्रति भी आगाह कर रही हैं।

## किसवाही में लकडबग्घे की सूचना पर वन विभाग की टीम ने की तलाश

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के ग्राम किसवाही में बीती शाम सरकारी विद्यालय के पास लकड़बग्घा दिखने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि वन क्षेत्राधिकारी ने गांव में लकड़बग्घा जैसे जानवर की मौजूदगी होने से इनकार किया है। मौदहा क्षेत्र के ग्राम किसवाही में घासी आरख, अमर सिंह पाल व रामबली पाल के घर गांव के बाहर जूनियर हाई स्कूल विद्यालय के पास बने हैं। गुरुवार की देर शाम जब यह अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे तभी उन्हें विद्यालय के समीप एक लकड़बग्घा जैसी आकृति का जानवर दिखाई दिया। उनके शोर मचाते ही वह जानवर अंधेरे में गायब हो गया। इसकी जानकारी फैलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। उन्होंने अपने घरों के बाहर बंधे छोटे पशुओं को घर में बाँध स्वयं अपने घरों में कैद हो गए। जब ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना वन विभाग को दी तो वन विभाग की टीम ने आनन फानन गांव पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से टार्च की रोशनी में उक्त जानवर की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

# पुलिस चौकी इंचार्ज सहित 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इंगोहटा में दस माह पूर्व हुई थी घटना**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा गांव निवासी अर्चना सोनकर ने अदालत को अवगत कराया था कि उसके पति सुशील कुमार सोनकर जम्मू में सीआरपीएफ में तैनात हैं। बीते वर्ष छह नवंबर को गांव निवासी रामअवतार साहू, कलावती साहू, गुरु प्रसाद साहू, अर्चना साहू, अलका साहू, रानीबाई साहू, छुटकू साहू आदि चार अज्ञात लोगों ने मिलकर उसकी 16 फीट जमीन पर कब्जा करने लगे। उसने इसकी सूचना फोन से पति व इंगोहटा चौकी इंचार्च को शिवम पांडेय को दी लेकिन शिवम पांडेय मौके पर नहीं आये। इसके बाद 11 नवंबर को चौकी इंचार्ज की मौजूदगी में आरोपी उसके घर पर घुस आए और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट, छेड़खानी आदि करते हुये उसके मकान की पक्की दो दीवाल को तोड़कर ढहा दिया। इसकी सूचना उसने पति को दी। उन्होंने भी जम्मू से फोन के द्वारा चौकी इंचार्ज से कार्यवाही करने को कहा। लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने बताया कि आरोपी रामअवतार साहू 16 फीट जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इसी विवाद के कारण उक्त लोगों ने घटना को अंजाम दिया। बचाने आई माया, कविता, अर्चना व रवि आदि को भी मारा पीटा। पुलिस ने अदालत के आदेश पर चौकी इंचार्ज सहित 12 लोगों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 427, 452, 354 एवं दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपियों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि चौकी इंचार्ज का तबादला हो चुका है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। विवेचना हो रही है। विवेचना के आधार पर आरोपियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा देने की मांग

## कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर, बोले- जान से मारने की मिल रहीं धमकियां

**अमन लेखनी समाचार**



मुसाफिरखाना में कांग्रेसियों ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि राहुल गांधी की जान को खतरा है, इसलिए उन्हें तुरंत सुरक्षा दी जानी चाहिए।कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राहुल ओझा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भाजपा के पूर्व विधायक, शिवसेना के विधायक, केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री तथा कट्टरपंथी संगठनों द्वारा राहुल गांधी को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।कांग्रेसियों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्याएं अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र के तहत की गई थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने गांधी परिवार को दी गई एसपीजी सुरक्षा को हटा लिया है, जिससे उनकी सुरक्षा में कमी आई है।कांग्रेसियों ने मांग की कि विपक्ष के नेता होने के नाते राहुल गांधी को देश-विदेश की यात्राएं करनी पड़ती हैं, जिससे उनके जीवन पर खतरा बढ़ गया है। इस मौके पर पवन तिवारी, आशीष सिंह, दिलीप सिंह, जेबी यादव, जहीर अहमद, आशीष यादव, आनंद माली, अनुराग सिंह, विवेकानंद, रविंद्र सिंह, जफर, और श्रद्धा सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अन्ना गोआश्रय स्थल के संचालन व प्रबंधन के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत अन्ना गौवंश को आश्रय स्थल में संरक्षित करें – डीएम**

**अन्ना गौवंशो के संरक्षण में लापरवाही पर ईओ सुमेरपुर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर।अन्ना गौवंशों के संरक्षण में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी घनस्याम मीणा ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सुमेरपुर का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंश का गौशालाओं में संरक्षण हो जाना चाहिए। कोई भी अन्ना गोवंश सड़क पर दिखाई देने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, नगरीय क्षेत्र में ईओ, पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम सचिव एवं अन्य संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों द्वारा सड़कों पर अथवा अन्य स्थानों पर घूमने वाले अन्ना पशुओं को अभियान चलाकर आकलन/सर्वे कर तत्काल संरक्षित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थलों में चारा पानी भूसे तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधानों व ग्राम सचिवों के साथ भी इस मुद्दे पर बैठक की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों के हरे चारे के लिए चारागाह का विकास किया जाए। कहा कि सभी गौ आश्रय स्थलों का जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कर वहां की व्यवस्थाएं देखी जाएं तथा उसके संबंध में रिपोर्ट दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा अन्ना पशुओं की ईयर टैगिंग ,टीकाकरण ,बधियाकरण की प्रगति में सुधार लाया जाए तथा कोई भी पशु की मृत्यु होने पर उसका समयबद्ध एवं समुचित ढंग से सम्मान के साथ अंतिम संस्कार/निस्तारण किया जाए। सभी गौशालाओं में चारा पानी भूसा आदि की समुचित व्यवस्था रखी जाए। कहा कि अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल के संचालन संबंधित समस्त कार्य निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार किया जाए। इनका नियमित रूप से क्रॉस चेक भी किया जाए।

# अमेठी पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

## घर-घर सदस्यता अभियान का शुभारंभ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष



**अमन लेखनी समाचार**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी आज एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के घर-घर सदस्यता अभियान और सामूहिक सदस्यता अभियान में भाग लिया। सुबह तिलोई विधानसभा के चिलौली पहुंचने पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद, उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा के साथ घर-घर जाकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया।दोपहर सवा 12 बजे, भूपेंद्र चौधरी ने जगदीशपुर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके बाद, वे दोपहर सवा दो बजे गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के पचेहरी गांव पहुंचे, जहां सामूहिक सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह और उनके पति दीपक सिंह द्वारा आयोजित किया गया था।

**4 बजे अमेठी से होंगे रवाना**

दोपहर 3 बजे, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा कार्यालय पहुंचेगें, जहां उन्होंने भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में पार्टी की प्रगति और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। भूपेंद्र चौधरी शाम 4 बजे सड़क मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। उनका यह दौरा भाजपा के सदस्यता अभियान को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जेके सीमेंट की क्षमता तीन मिलियन टन करने के लिए आयोजित हुई पर्यावरण जनसुनवाई संगोष्ठी

**उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कराया आयोजन**

**एडीएम एवं सीडीओ सहित जन प्रतिनिधि रहे मौजूद**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। नेशनल हाईवे किनारे सुमेरपुर क्षेत्र में शुक्रवार को प्रेमनगर के समीप संचालित जे के सीमेंट फैक्ट्री की क्षमता 2 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 3 मिलियन टन किए जाने को लेकर फैक्ट्री कैंपस में अपर जिलाधिकारी विजयशंकर तिवारी की अध्यक्षता में पर्यावरण संतुलन हेतु जनसुनवाई का आयोजन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बांदा द्वारा किया गया। जनसुनवाई में पर्यावरण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर कंपनी की ओर से विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी के मैनेजर राहुल यादव ने कंपनी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए लोगों को अवगत कराया कि कंपनी ने सामाजिक कार्यों में इस वर्ष 35 लाख की धनराशि व्यय की है। मुख्य विकास अधिकारी विजयशंकर शुक्ला ने कहा कि कंपनी बिजली पानी का पूर्व मे एलाट क्षमता से अधिक दोहन नहीं करेगी। साथ ही सौर्य ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी क्षयरोग की रोकथाम के लिए आसपास के गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करे और शिक्षा के बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक क्षेत्र के 60 परिषदीय विद्यालयों को फर्नीचर की व्यवस्था करके अपनी सामाजिक सहभागिता को सुनिश्चित करे। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय अधिकारी डा. माधवी कमलवंशी ने किया। इस अवसर पर जेके सीमेंट के इकाई प्रमुख डा. सचिन गुप्ता, जीएमडीआईसी रवि वर्मा, अरुण कुमार दीक्षित, इंगोहटा प्रधान प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह परिहार, पवन पाल आदि मौजूद रहे।

# मुंशीगंज के संजय गांधी अस्पताल में शुरू हुआ कीमोथेरेपी का इलाज

**अब तक 6 से अधिक मरीजों की हुई कीमोथेरेपी, मरीजों को मिली राहत**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी में मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में हाल ही में कीमोथेरेपी का इलाज शुरू किया गया है, जो कैंसर मरीजों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। अस्पताल में कैंसर यूनिट की स्थापना से अब मरीजों को बड़े शहरों, जैसे लखनऊ, वाराणसी या प्रयागराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

यह सुविधा जिले के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है।संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू ने कहा कि उनकी सोच ?सेवा ही सबसे बड़ी श्रद्धा है इस दृष्टिकोण के तहत अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में अस्पताल में 600 यूनिट की ब्लड कंपोनेंट यूनिट, हृदय रोग यूनिट और कैंसर यूनिट संचालित हैं, जो न केवल अमेठी के बल्कि अन्य जिलों के मरीजों को भी स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कर रही हैं।

**कैंसर विशेषज्ञों की देखरेख में इलाज**

कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत नाकरा के मार्गदर्शन में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल का कैंसर विभाग लेनस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट से संबद्ध है, जो कैंसर के उपचार में अनुभवी है। अब तक लगभग आधा दर्जन मरीजों की कीमोथेरेपी की जा चुकी है।

# प्रीति सिंह को प्राणि विज्ञान विषय में मिली पीएचडी की उपाधि

## जिले के शिक्षकों ने प्रीती के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी

**अमन लेखनी समाचार**

सुल्तानपुर। महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन के द्वारा आज अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के दीक्षांत समारोह में प्रीति सिंह को दिनांक 20.सितबर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। बताते चले विवेक नगर की निवासिनी प्रीति सिंह डॉ राकेश कुमार पाण्डेय (प्रोफेसर केएनआईपीएसएस सुल्तानपुर) के शोध निर्देशन में पीएचडी पूर्ण की है। प्रीति सिंह के पति डॉ अम्बरीष सिंह महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर में प्रवक्ता पद पर सेवारत हैं। प्रीति सिंह का शोध विषय प्राणि विज्ञान है, जिसका शोध शीर्षक असेसमेंट ऑफ डिटर्जेंट ऑन बिहेवियरल एंड मोरफोलॉजिकल चेंजेज, ग्रोथ एंड बायोकेमेस्ट्री ऑफ चन्ना पंकटाटा (ब्लोच) है। प्रीति सिंह के इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर एमजीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ विनोद सिंह, प्रधानाचार्य महेश सिंह डॉ अजय कुमार सिंह, वैभव रघुवंशी, डॉ पंकज सिंह, रमेश प्रजापति, डॉ आलोक विक्रम सिंह, लाल रत्नाकर, संजय सिंह, सुमित श्रीवास्तव आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना प्रेषित किया।



प्रीति सिंह

# अमेठी में 33 साल बाद पूरी हुई चकबंदी

## सरवनपुर गांव में ग्रामीणों को बांटा गया फार्म सीएच-45

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी के तहसील क्षेत्र में पिछले 33 साल से चल रही चकबंदी की प्रक्रिया पूरी हो गई। आज चकबंदी अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को फार्म सीएच 45 का वितरण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की। त्रुटि होने पर चकबन्दी अधिकारी न्यायालय में आवेदन करने की बात कही गई। इस दौरान ग्राम प्रधान समेत ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।दरअसल अमेठी तहसील क्षेत्र के सरवनपुर गांव में 1991 से चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई। पिछले 33 सालों से चल रही चकबंदी प्रक्रिया 2024 में 18 सितंबर को समाप्त हुई। 20सितंबर बुधवार को चकबंदी के अधिकारियों द्वारा पंचायत भवन में ग्राम प्रधान की मौजूदगी में सीएच 45 फार्म का वितरण किया गया।

चकबंदी अधिकारी सहायक चकबंदी अधिकारी कुसुम गुप्ता, चकबंदी अधिकारी जावेद अहमद, सहायक चकबंदी अधिकारी कमाल अहमद और चकबंदी अधिकारी सुभाष नेतृत्व में गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गई।अधिकारियों ने ग्रामीणों को सीएच 45 फार्म का वितरण करते हुए कहा कि आप सब लोग अपनी खतौनी प्राप्त कर ले। अगर कोई त्रुटि होती है, तो सहायक चकबंदी अधिकारी न्यायालय में आवेदन कर सकते है। जिसके बाद विधिक प्रावधानों के अंतर्गत उसे जल्द से जल्द ठीक कर दिया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# विधवा को गाली गलौज कर धमकाया

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम उजनेडी में विधवा के मना करने के बाद नीम का हरा पेड़ काटते समय मकान में गिरा देने तथा मरम्मत की बात कहने पर ठेकेदार ने विधवा को गाली गलौज करके कार्यवाही करने पर धमकी दी है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। उजनेडी निवासी दलित विधवा रामदेवी अनुरागी का आरोप है कि उसके रिहायशी मकान के समीप नीम का हरा पेड़ खडा था। जिसे गांव निवासी बंटा विश्वकर्मा अपने साथियों के साथ कटवा रहा था। उसने मना किया था कि उसके मकान को क्षति पहुंचेगी लेकिन बंटा नहीं माना और नीम का पेड़ कटवा दिया। जिससे उसकी दीवाल और मकान को क्षति पहुंची। अब मकान एवं दीवार को ठीक करने के नाम पर गाली गलौज कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

# दिनदहाड़े रिटायर्ड फौजी की गायब हुई डेढ लाख रुपये से अधिक की नगदी

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। बेखौफ अपराधी कानून व्यवस्था को धता बताते हुए आए दिन दिनदहाड़े डेढ़ लाख से अधिक नगदी की चोरी कर नौ दो ग्यारह हो गए। पीड़ित रिटायर्ड फौजी ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश में जुट गयी है। सिसोलर कस्बा निवासी पूर्व फौजी शिवप्रसाद पुत्र मैयादीन प्रजापति ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा से एक लाख नगद निकालकर झोले में डाल बाइक से स्टेट बैंक पहुंचा। वहां से 55 हजार रुपये निकालकर झोले में डालकर बाइक की डिग्गी में रखकर तहसील पहुंचा। वहां निजी कार्य निपटाने के बाद बाइक की डिग्गी खोलने पर झोला गायब मिला। तहसील में मौजूद लोगों ने उसे ढांढस बंधाते हुए तत्काल कोतवाली जाने की सलाह दी। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। मुकदमा पंजीकृत कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक कर दी गयी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को घर-घर पहुंचाने के मकसद से कस्बे के नगर पालिका परिषद मीटिंग हाल में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद इसराइल ने की। नेडा विभाग के परियोजना अधिकारी आर पी ओझा ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक किलो वाट का सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपए लागत आती है। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार रुपये का अनुदान तथा राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इससे बिजली बिल 80 प्रतिशत तक कम आता है। इस प्लांट का 5 वर्ष तक सरकार की ओर से मरम्मतीकरण निशुल्क है। सोलर पैनल की वारंटी 25 वर्ष तक विभाग द्वारा दी जा रही है। खास बात यह है कि इस योजना के लिए आम जनमानस सरकार से बैंक के द्वारा लोन के माध्यम से भी इसका लाभ ले सकता है। इस मौके पर कस्बे में चंदेल इंटर प्राइजेज द्वारा लोगों को सोलर प्लांट लगवाने का विभाग द्वारा वेंडर नियुक्त किया गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

# दुनिया के ये अजब-अनोखे ब्रिज



बच्चों, किसी भी नदी के ऊपर आवागमन की सुविधा के लिए ब्रिज बनाया जाता है। दुनिया में आवागमन के लिए कुछ ऐसे अनोखे ब्रिज बने हैं, जिन्हें देखकर बनाने वाले इंजीनियर्स के इनोवेटिव आइडियाज और क्रिएटिविटी हमें आश्चर्य में डाल देते हैं। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अनोखे ब्रिज्स बारे में।

## मेहराब जैसा रियाल्टो ब्रिज

**इटली के** वेनिस शहर में बना यह ब्रिज दुनिया के सबसे विख्यात प्राचीन पुलों में से एक है। पत्थरों से बना यह मेहराब के आकार वाला ब्रिज 16वीं सदी में वेनिस की ग्रैंड कैनाल पर बना था। किसी समय यह पुल बंदरगाह के लिए बहुत उपयोगी था। उस जमाने में यह शिल्पकला, वास्तु और कारीगरी का बेहतरीन उदाहरण माना जाता था। इससे पहले यहां लकड़ी का पंटून पुल बना हुआ था। *

## नदी के ऊपर नदी जैसा मैगडेबर्ग वाटर ब्रिज



**यह ब्रिज** जर्मनी के एल्बे नदी पर बना है, जो पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी को जोड़ता है। आमतौर पर ब्रिज, पानी यानी किसी नदी, समुद्र, झील या नहर के ऊपर बने होते हैं, ताकि उस पर ट्रेन या कोई अन्य वाहन चलकर इस पार से उस पार जा सकें। लेकिन बच्चों, तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि इस पुल के ऊपर से कोई रेलगाड़ी या गाड़ी नहीं गुजरती है, बल्कि बोट या पानी के जहाज द्वारा इस पुल को पार किया जाता है। यह पुल एक नदी के ऊपर बना हुआ है। खास बात यह है कि इसके ऊपर से भी पानी बहता है। इस पुल को देखकर ऐसा लगता है मानो नदी के ऊपर नदी बह रही है। अपनी इस खासियत की वजह से इस पुल को दुनिया के अनोखे पुलों में गिना जाता है। यह ब्रिज दुनिया का सबसे लंबा एक्वाडक्ट है, जो सचल और सक्रिय है। पूर्वी जर्मनी और पश्चिमी जर्मनी के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए यह बेहद उपयोगी ब्रिज है। इसकी लंबाई 3000 फीट से भी ज्यादा है। यह ब्रिज एल्बे हैवेल कैनाल को मीटेल लैंड कैनाल से जोड़ता है। इस ब्रिज की मदद से जहाज एल्बे नदी को सुगमता से पार करते हैं। *

## रेलवे मोटर वे केबल बेस्ड औरसंड ब्रिज



**शिल्प कला** का अद्भुत नमूना है औरसंड ब्रिज। यह डेनमार्क और स्वीडन को जोड़ने वाला ब्रिज है। यह ब्रिज दोनों देशों के पर्यटन विभाग के लिए एक आइकन है। इस ब्रिज की कई विशेषताएं हैं। यह रेलवे और सड़क परिवहन दोनों के काम आता है। केबल आधारित इस ब्रिज का कुछ हिस्सा एक सुरंग है तो कुछ हिस्सा किसी द्वीप सरीखा है। 2020 से कार्यशील यह ब्रिज डेनमार्क और स्वीडन के बीच सीधा लिंक है। इस ब्रिज का आइलैंड समुद्र तट से मिले मैटेरियल से बना है। यह ब्रिज समृद्ध इकोसिस्टम का जीता-जागता नमूना है। यहां पर भरपूर हरियाली, पक्षी, मेंढक आदि बहुतायत में देखे जा सकते हैं। *

## मजबूती में बेमिसाल जिआओझोउ बे ब्रिज

**चीन अपने** लंबे ब्रिज्स के लिए जाना जाता है। लेकिन 26.4 मील लंबे इस ब्रिज की बात कुछ अलग है। चीन के बंदरगाह शहर किंगडाओ और औद्योगिक जिले हुआंगडाओ को जोड़ने वाला यह ब्रिज समुद्र पर बने दुनिया के सबसे लंबे पुलों में से एक है। 2011 में बनकर तैयार हुआ यह ब्रिज 5200 से ज्यादा खंभों पर खड़ा है। इस ब्रिज ने अब तक ना जाने कितने भूकंप और समुद्री तूफान झेले हैं। इसकी मजबूती बेमिसाल है। एक बार 3 लाख टन वजनी जहाज के ब्रिज से टकराने के बाद भी ब्रिज को कोई नुकसान नहीं हुआ। *



## कस्बे की गली जैसा प्राचीन पोंटेवेशियो ब्रिज



**इटली के** फ्लोरेंस में मौजूद यह ब्रिज दुनिया के सबसे पुराने सचल और सक्रिय ब्रिज्स में से एक है। यह ब्रिज बेहद अनूठा है, दिखने में किसी कस्बे की गली जैसा लगता है। मध्यकालीन शिल्प कला के नायाब नमूने इस ब्रिज पर कभी दुकानें और मकान भी हुआ करते थे। इस ब्रिज की खूबसूरती और विशेषता से जर्मन सेना इतनी प्रभावित हुई थी कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारी हमले के बीच भी इस ब्रिज को उन्होंने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। यह पुल वर्ष 1345 में बना था। *

## एफिल टावर से भी ऊंचा मिलाऊ ब्रिज

**फ्रांस में** बना 343 मीटर ऊंचा मिलाऊ वायाडक्ट, ऊंचाई के मामले में एफिल टावर से भी बढ़कर है। वायाडक्ट किसी घाटी पर बने ऊंचे पुल को कहते हैं, जो कई खंभों पर टिके होते हैं। यह केबल आधारित पुल 2004 में आम लोगों के लिए शुरू हुआ था। यह ब्रिज दक्षिणी मध्य फ्रांस के एक ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र मैसिफ सेंट्रल की टार्न घाटी पर बना हुआ है। अपनी बनावट, ऊंचाई, भव्यता और स्थिति के कारण यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यह ब्रिज 2.5 किलोमीटर लंबा है, जो पेरिस से बार्सिलोना को जोड़ता है। *



## जीके क्विज-121



1. हाल ही में अंडमान निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर क्या कर दिया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहे वायरस क्लेड-2 का संबंध किस बीमारी से है?
3. यूनिसेफ इंडिया ने किसे अपना नया ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया है?
4. भारत का पहला संविधान संग्रहालय किस राज्य में स्थापित किया जाएगा?
5. वर्तमान में भारत के शिक्षा मंत्री कौन हैं?
6. चूने में पानी मिलाने से कौन-सी गैस निकलती है?
7. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सा धातु होता है?
8. अर्जुन अवार्ड किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?
9. भारत में श्वेत क्रांति का जनक किसे कहा जाता है?
10. 'शाहनामा' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?

**बच्चों, जीके क्विज-121 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-120 का उत्तर:** 1. 29 2. डी वाई चंद्रचूड़, 3.पेंटोंगटार्न शिनावात्रा, 4.मध्य प्रदेश, 5. 29 सितंबर, 6.प्रेमचंद, 7.ऋग्वेद, 8.ऑर्निथोलॉजी, 9.नाइक्रोम, 10.हेल्सिंकी

**जीके क्विज-120 का सही उत्तर देने वाले :** चंद्रकांत-रायपुर, कबीर-हिसार, क्षमानिधि-बेमेतरा, नितिन-दुर्ग, मधु-ईमेल से, मोनू-ईमेल से, वंशिका-भानपुरी, प्रीति-ईमेल से, तुलसी-राजनांदगांव, अनन्या-बिलासपुर, वंदिता-शहडोल, दिव्या-बेमेतरा, अमन-कोरबा, देवेश-रोहतक, मिहिर-रायपुर, कनिष्क-दुर्ग

## हंसगुल्ले



**सोनू** : तुम रात को कितने बजे सोते हो?
**मोनू** : अगर मेरे हाथ में किताब हो तो नौ बजे और अगर हाथ में मोबाइल हो तो दो बजे सोता हूं।
**-मुस्कान, धमतरी**

**चिंटू** : मम्मी क्या मैं भगवान की तरह दिखता हूं?
**मम्मी** : नहीं तो! क्यों, क्या हुआ?
**चिंटू** : कल मैं पड़ोस वाली आंटी के घर खेलने गया था, तो उन्होंने कहा, 'हे भगवान, तू फिर आ गया?'
**-कार्तिक, बिलासपुर**

**टीचर** : बताओ, अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति कब हुई थी?
**रोनित** : सर, मुझे कैसे पता होगा? मैं तो उस वक्त था ही नहीं।
**-नेहा, भोपाल**

**टीचर** : खरगोश और कछुए की कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
**रिया** : सर, यही की रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए। **-अंकेश, रायपुर**

कहानी

क्षमा शर्मा

बंटी के दोस्त शुभ के पास बहुत ही निराला लंच बॉक्स था, जो मनपसंद गीत भी सुनाता था। बंटी के भी मन में था, उसके पास भी ऐसा लंच बॉक्स हो। एक दिन शुभ का लंच बॉक्स खो गया। कहीं यह लंच बॉक्स बंटी ने तो नहीं गायब कर दिया? क्या शुभ को उसका खोया लंच बॉक्स वापस मिला?

## म्यूजिकल लंच बॉक्स

बंटी के पापा एक छोटी-सी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। घर में अकेले कमाने वाले थे, लेकिन वह चाहते थे कि छठी कक्षा में पढ़ने वाला उनका बेटा बंटी खूब पढ़े-लिखे। इसलिए उन्होंने उसका ऐसे स्कूल में दाखिला कराया, जिसकी सब तारीफ करते थे कि वहां पढ़ाई बहुत अच्छी होती है। हालांकि बंटी के पिता की आय कम थी और स्कूल की फीस ज्यादा, लेकिन वह बंटी को इस स्कूल में यह सोच कर पढ़ा रहे थे कि उसका भविष्य संवर जाएगा।

अब बंटी बड़ा हो रहा था, वह समझने लगा था कि उसके मम्मी-पापा उसे किस आर्थिक मुश्किलों में पढ़ा रहे हैं। इसलिए वह मन लगाकर पढ़ता। क्लास में और बच्चों से आगे रहता। कई बार कुछ शैतान बच्चे उसके कपड़ों, जूतों का मजाक उड़ाते, लेकिन वह चुप रह जाता। कई बच्चे उसके अच्छे दोस्त भी थे। इन्हीं बच्चों में से एक था- शुभ। उसके पिता बड़े व्यापारी थे। देश-विदेश में घूमते थे। एक बार वह जर्मनी से शुभ के लिए ऐसा लंच बॉक्स लाए, जिसे खोलने पर मनपसंद संगीत सुना जा सकता था। बंटी को यह लंच बॉक्स बहुत अच्छा लगा था। शुभ ने उससे कहा था कि इस बार जब उसके पापा बाहर जाएंगे तो वह उनसे कहकर उसके लिए भी लंच बॉक्स मंगवा देगा। कुछ दिन बाद शुभ ने उसे बताया कि एक दिन वह उस लंच बॉक्स को स्कूल में ही भूल गया था। अगले दिन आकर ढूंढ़ा भी, लेकिन नहीं मिला। इस बीच त्योहारों का मौसम शुरू हो गया था। त्योहारों के स्वागत करने के लिए जिस तरह हर घर में सफाई होती है, स्कूल में भी सफाई शुरू हो गई थी। कहीं पेंट हो रहा था तो कहीं गमलों को गेरू, सफेद, लाल पेंट से रंगा जा रहा था। पुराने दरवाजे-खिड़कियां रंग होने के बाद चमकने लगे थे। एक दोपहर छुट्टी के बाद बंटी लौट रहा था, तो उसने स्कूल के पीछे वाले वरांडे पर एक लंबी मेज पर बहुत सा सामान रखा देखा। उस सामान में पानी की रंग-बिरंगी बोतलें, किताबें-कॉपियां, पेन, पेंसिल बॉक्स, मोजे, स्कार्फ, दो बस्ते, तीन घड़ियां और बहुत से लंच बॉक्स रखे थे। वहां एक बोर्ड पर लिखा था कि यह सारा सामान बच्चों का है। वे इसे समय-समय पर स्कूल में भूल गए थे। इसमें से जो समान जिस बच्चे का हो, वह ले जा सकता है। बंटी पास जाकर देखने लगा तो उनमें उसे शुभ का लंच बॉक्स भी दिखाई दिया। उसने सोचा कि शुभ को बता दे, लेकिन वह उस दिन स्कूल नहीं आया था।



तभी बंटी को ना जाने क्या सूझा कि उसने उस लंच बॉक्स को उठाया और तेज कदमों से बाहर निकल आया। खैरियत थी कि स्कूल के इस ओर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। इसलिए किसी को यह भी पता नहीं चल सकता था कि उस लंच बॉक्स को किसने उठाया। वैसे भी वहां लिखा था कि जिस बच्चे का सामान हो, वह ले जाए। किसी को क्या पता कि वह लंच बॉक्स शुभ का है, बंटी का नहीं। वह बार-बार बस्ते में रखे लंच बॉक्स को देखता और खुश होता। घर पहुंचकर उसने अलमारी में उसे अपने कपड़ों के पीछे छिपा दिया। वरना मम्मी देखतीं तो जरूर उससे पूछतीं कि वह उसके पास कहां से आया? दिन में कई बार उसने लंच बॉक्स को छुआ। उसे खुशी हो रही थी कि बिना कुछ खर्च किए उसे अपनी पसंद का लंच बॉक्स मिल गया है। लेकिन शाम होते-होते वह उदास हो गया। सोचने लगा, माना कि उसे किसी ने नहीं देखा, लेकिन इस तरह किसी चीज को उठाना गलत बात है। मम्मी-पापा और टीचर्स को पता चला तो सब उसके बारे में क्या सोचेंगे? यही नहीं शुभ तो उसका सबसे अच्छा दोस्त है, वह क्या कहेगा?

उस रात बंटी को देर तक नींद नहीं आई। सो गया तो लगा कि जैसे कपड़ों की अलमारी में कोई सिसक रहा है। वह लंच बॉक्स था, जो कह रहा था, 'बंटी, मैंने तो सोचा था कि तुम शुभ के सबसे अच्छे दोस्त हो। मुझे उसके पास पहुंचा दोगे। लेकिन तुमने तो मुझे अपने कपड़ों की अलमारी में कैद कर दिया।'

बंटी घबराकर उठ गया। अभी तो आधी रात ही थी। मम्मी-पापा सो रहे थे। उसने चुपके से लंच बॉक्स उठाकर बस्ते में रख लिया। अगले दिन लंच टाइम में स्कूल में उसने उसे वहीं रख दिया, जहां से उठाया था। जल्दी से वहां से आ गया। फिर वह शुभ के साथ वहां पहुंचा। अपने लंच बॉक्स को देखकर वह बहुत खुश हुआ। उसने कहा,'बंटी, तुमने पापा के दिए गिफ्ट से फिर से मिलवा दिया। इसके लिए पार्टी पक्की।' और दोनों दोस्त जोर से हंस पड़े। *

लोरी

डॉ. शकुंतला कालरा



## निंदिया रानी आ जा..आ जा..

निंदिया रानी आ जा आ जा।
आकर मेरा लाल सुला जा।
भूखा है री मेरा ललना।
ना झूला ना कोई पलना।
मैं गाऊं तू इसे सुला जा।
आकर सारे कष्ट भुला जा।
तुझसे तो कुछ छिपा न रानी
है अभाव की राम कहानी।
जैसे-तैसे मन बहला जा।
आकर मेरा लाल सुला जा।
यह है मेरी दुनिया सारी।
जीती सुन इसकी किलकारी।
तू भी आ, इसको दुलरा जा।
आकर मेरा लाल सुला जा।
तू ही आ इसको समझा दे।
चुप हो सोवे धीर बंधा दे।
जो कुछ तेरे पास खिला जा।
आकर मेरा लाल सुला जा।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्रों में एक लड़का पेड़ के नीचे बैठकर किताब पढ़ रहा है। वैसे तो ये दोनों ही चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, तुरंत पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1.बाईं तरफ पेड़ और हरियाली की ऊंचाई कम है। 2.लड़के के चश्मे की स्टिक डिफरेंट कलर की है। 3.लड़के के पीछे के बाल अलग दिख रहे हैं। 4.आगे पेड़ की जड़ के पास झाड़ियों की पत्तियां कम दिख रही हैं। 5.किताब पढ़ रहे लड़के के दाहिने हाथ की एक अंगुली कम दिख रही है।

## रास्ता खोजो


बच्चों, भोलू भालू को हनी (शहद) खाना है। लेकिन हनी-पॉट तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम जरा भोलू को हनी-पॉट तक पहुंचने में मदद तो करो ताकि भोलू वहां आराम से बैठकर हनी का मजा ले सके।





## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक बेबी टाइगर का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां दी गई है। ध्यान से देखकर बताओ कि बेबी टाइगर के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?





उत्तर: 4